दैनिक

# नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 16 | अंक 341 | सीकर, शनिवार 07 फरवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# जैन धर्म जीवन जीने की कला : सीएम शर्मा

## जैविभा स्थित सुधर्मा सभा का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण





निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** जैन तेरापंथ धर्म के 11 वें अधिशास्ता गुरुदेव आचार्य महाश्रमण का भव्य जुलूस के साथ लाडनूं की जैन विश्व भारती में पावन प्रवेश हुआ। आचार्यश्री के प्रवेश अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 12 बजे हैलीकॉप्टर से लाडनूं पहुंचे जहां उन्होंने सुधर्मा सभा में गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद प्रवचन हॉल का लोकार्पण किया। दोपहर करीब एक बजे ग्राम उत्थान शिविर का अवलोकन कर वहां उपस्थित जनसभा को संबोधित किया।

**आचार्यश्री ने विश्व शांति का दिया संदेश** -श्वेतांबर जैन धर्मगुरु आचार्य महाश्रमण ने जैन विश्व भारती प्रवेश पर अपना पहला प्रवचन देते हुए कहा कि यह आचार्य तुलसी के तप भूमि है। सबसे बड़ा मंगल धर्म ही होता है। शास्त्रों में अहिंसा, संयम और तप की साधना को ही मंगल माना गया है यह जिस धर्म के लोग करेंगे उनका मंगल होना निश्चित है। उन्होंने योगक्षेम वर्ष के दौरान होने वाले संतों के प्रशिक्षण के बारे में प्रकाश डाला। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल को जैन धर्म का तप और साधना समझने के लिए दो दिन का समय निकालकर वापस आने का आह्वान भी किया। अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि जैन धर्म जीने की कला है। जैन विश्व भारती के माध्यम से त्याग और तपस्या के साथ विश्व भर में इसका प्रकाश फैलाया जा रहा है। अंत में सीएम का प्रवास व्यवस्था समिति के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया।

### जनसभा में विपक्ष पर निशाना साधा

इसके बाद मुख्यमंत्री जनसभा कार्यक्रम में पहुंचे जहां उन्होंने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार के दो साल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। पेपर लीक करने वालों के खिलाफ, फआईआर दर्ज कर जेल भेजने का काम भी किया है। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विधानसभा में वो हमारी चुनौती को स्वीकार नहीं कर पाते उनके पांच साल के काम एक तरफऔर हमें दो साल के विकास कार्य एक तरफहै।

उन्होंने युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने का भरोसा भी दिलाया। सीएम ने ग्रामोथान शिविर के अंतर्गत डीडवाना कुचामन जिले में 528 करोड़ रुपए के 71 विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर गुलाब चंद कोठारी, भागचंद बरडिया, अध्यक्ष प्रमोद बैद, निर्मल कोटेचा, मंत्री राजेंद्र खटेड, मीडिया प्रभारी अलोक खटेड सहित पदाधिकारी मौजूद रहे। गुरुदेव का जैन विश्व भारती प्रवेश के दौरान पहली पट्टी में सुरेन्द्र प्रीति घोसल, राकेश आरती कठौतिया परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

## फर्जी गोल्ड लोन घोटाले का पर्दाफाश, पूर्व बैंक मैनेजर सहित दो गिरफ्तार



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** पंजाब नेशनल बैंक की नवलगढ़ शाखा में करीब 6 करोड़ रुपये के फर्जी गोल्ड लोन घोटाले का पुलिस ने खुलासा करते हुए पूर्व बैंक मैनेजर अमित जांगिड़ और बैंक बीसी संचालक संतोष सैनी को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी अमित जांगिड़ को उत्तर प्रदेश के मथुरा से दस्तयाब किया गया जबकि संतोष सैनी को नवलगढ़ से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने फर्जी खाताधारकों के नाम से गोल्ड लोन खाते खोलकर बैंक में जमा असली सोने को निकालकर उसकी जगह नकली आभूषण रख दिए। इसके जरिए दोनों ने बैंक से बड़ी राशि का गबन किया। जांच में सामने आया कि आरोपी बैंक में ओटीपी लेकर गोल्ड लोन राशि निकालते थे और रकम आपस में बांट लेते थे। अनुसंधान में यह भी सामने आया कि आरोपी असली सोना अन्य बैंकों में गिरवी रखकर लोन लेते थे। साथ ही बैंक में डकैती करवाकर सोना गायब करने की साजिश भी रची गई थी, जिसके लिए करीब 20 लाख रुपये एडवांस देने की बात सामने आई है। कुछ सोना आरोपियों ने अपने पास ही रखा हुआ था। पुलिस जांच में सामने आया कि अमित जांगिड़ को शेयर बाजार में करीब 2.5 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। उसने अपने नाम से लगभग 4 करोड़ रुपये का बीमा भी करवा रखा था। आरोपी के पास महंगी कारें, बाइक, निर्माणाधीन मकान, डेयरी फार्म और अन्य संपत्तियां होने की भी पुष्टि हुई है। वहीं संतोष सैनी, जो कम आय वाला बीसी संचालक बताया जा रहा है, उसके पास भी कई दुकानें, प्लॉट और मकान होने की जानकारी मिली है। बैंक प्रबंधन की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर अन्य सहयोगियों और संपत्तियों की जांच में जुटी हुई है।

## ट्रांसफार्मर में लगी आग, इलाके में मची अफरा-तफरी

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** पृथ्वीपुरा रोड स्थित रमेश नर्सरी के पास विद्युत विभाग के ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही ट्रांसफार्मर से तेज लपटें और धुआं उठने लगाए जिससे आसपास की कॉलोनी में हड़कंप मच गया और लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत विद्युत विभाग और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि समय रहते आग बुझा ली गई, जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। आग लगने की इस घटना के चलते क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप्प हो गई, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। फिलहाल ट्रांसफार्मर में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। विद्युत विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है।



# ब्राह्मण समाज को अपमानित करने के विरोध में सौंपा ज्ञापन




निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** नेटफिलिक्स पर प्रसारित (प्रस्तावित फिल्म) घूसखोर पंडित के अपमानजनक एवं समाज विरोधी शीर्षक के खिलाफ विप्र फाउंडेशन ने पुरजोर विरोध दर्ज करवाते हुए विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष कमलकांत शर्मा की अगुवाई में ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग करते हुए संयोजक उमाशंकर महमिया ने बताया कि फिल्म का शीर्षक पूरे ब्राह्मण समाज को घूसखोरी जैसे घृणित कृत्य से जोड़ने का षडयंत्र है जो न केवल समाज की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाता है बल्कि सांप्रदायिक व जातिगत द्वेष फैलाने का प्रयास भी है। ब्राह्मण समाज का पंडित शब्द सदियों से ज्ञान, संस्कार और राष्ट्र सेवा का प्रतीक रहा है उसे इस प्रकार अपमानित करना असहनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है।

ओटीटी प्लेटफॉर्म जानबूझकर सनातन समाज को निशाना बनाकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का काम कर रहा है। समाज मांग करता है कि उक्त फिल्म पर तत्काल रोक लगाई जाए। शीर्षक को अविलंब बदला जाए तथा दोषी निर्माताओं और प्लेटफॉर्म के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

इस अवसर पर विफा संगठन महामंत्री राम गोपाल महमिया, बार एसोसियेशन सचिव एड. विकास महमिया, प्रकाश सुरौलिया डब्ल्यू, अनिल जोशी, राकेश सहल, सुरेश तिवारी, संजय शुक्ला, गोपी पुरोहित, एड. रवि शुक्ला, एड. कमल शर्मा, वशिष्ठ शर्मा, विक्रांत जोशी, राजीव लोचन पांडे, विकास पुरोहित, ललित शर्मा, चंद्रप्रकाश कौशिक, प्रमोद शर्मा, शिवशंकर शर्मा डुमोली आदि ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे।

## आरडी परेड में प्रदेश का मान बढ़ाने वाले एनसीसी कैडेट्स से रूबरू हुए राठौड़



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** युवा मामले एवं खेल, उद्योग एवं सैनिक कल्याण मंत्री राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने शुक्रवार को सवाई मान सिंह स्टेडियम में प्रदेश के एनसीसी कैडेट्स से रूबरू हुए। जो अभी हाल में ही 26 जनवरी के रिपब्लिक डे परेड में भाग लेकर आए थे। उन्होंने इन कैडेट्स से उनके प्रशिक्षण शिविर से लेकर परेड तक के अनुभव के बारे में जानकारी हासिल की और उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी। राजस्थान से कुल 184 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया था, जिसमें नमन चौधरी बेस्ट एनसीसी कैडेट रहे। वही मोनिका ने एडवेंचर में भाग लेते हुए एवरेस्ट पर गई। रिपब्लिक डे परेड में पूरे देश की एनएसएस की टीम को जयपुर की एमिटी यूनिवर्सिटी की चारू सिंह ने लीड किया। प्रदेश से एनएसएस की ओर से 10 बच्चो ने भाग लिया था। शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग राजस्थान सरकार तथा अध्यक्ष राजस्थान युवा बोर्ड डॉ. नीरज के. पवन ने बताया कि दिल्ली में राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान आयोजित विकसित भारत यंग लीडरशिप डायलॉग में प्रधानमंत्री के सामने विकसित भारत की प्रस्तुतिकरण के प्रदेश के दो बच्चे प्राची और दीपक शर्मा का चयन हुआ था। इन दोनों ने प्रधानमंत्री के सामने विकसित भारत पर अपने विचार रखे। विकसित भारत यंग लीडरशिप डायलॉग में प्रधानमंत्री ने युवाओं को देश के विकास में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का निर्माण युवाओं के हाथ में है और हमें मिलकर इस लक्ष्य को हासिल करना है। यूथ ही 2047 में विकसित भारत का निर्माण करेंगे। मुख्य सचिव ने प्रदेश की प्राची और दीपक शर्मा से वीडियो कॉल पर बात की और उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी। प्रदेश के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास से सचिव, युवा मामले, भारत सरकार पल्लवी जैन ने मुलाकात की और बताया कि राजस्थान में यूथ पर सबसे अच्छा काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यो को राजस्थान से प्रेरणा लेनी चाहिये।

# फ्लिपकार्ट पर जुर्माना : उपभोक्ता को बिना बताए कैंसिल किया था ऑर्डर

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, झुंझुनू ने ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड और उसकी लॉजिस्टिक्स पार्टनर इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए 13,800 रुपए का जुर्माना लगाया है। आयोग ने बिना सूचना और सहमति के ग्राहक का ऑर्डर रद्द करने को सेवा में कमी, अनुचित व्यापार प्रथा और डार्क पैटर्न जैसी छद्म व्यावसायिक रणनीति करार दिया है। यह फैसला आनंदपुरा निवासी लोकेश सिंह की शिकायत पर आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील और सदस्य प्रेमेंद्र कुमार सैनी की पीठ ने सुनाया। आयोग ने कहा कि डिजिटल युग में बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है और ग्राहकों के भरोसे के साथ इस प्रकार का व्यवहार स्वीकार्य नहीं है।

### कंपनी का बचाव नहीं आया काम

सुनवाई के दौरान फ्लिपकार्ट ने खुद को केवल मार्केटप्लेस बताते हुए कहा कि ऑर्डर विक्रेता द्वारा रद्द किया गया और ग्राहक को रिफंड दे दिया गया था। कंपनी ने यह भी दावा किया कि संबंधित पिनकोड पर डिलीवरी संभव नहीं थी। हालांकि आयोग ने पाया कि ग्राहक को पिनकोड समस्या की कोई पूर्व सूचना या सहमति नहीं ली गई। उलटे कंपनी के संदेश में डिलीवरी में देरी के कारण विक्रेता द्वारा ऑर्डर रद्द करने की बात सामने आई, जिसे आयोग ने अनुचित व्यापार व्यवहार माना।




**यह था मामला**-मामले का रोचक बिंदु यह रहा की कंपनी ने उपभोक्ता से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर 902 रुपए में प्रोडक्ट उपलब्ध करवाने का परिवचन कर राशि प्राप्त की थी और प्रार्थी को प्रोडक्ट देने के बजाय आर्डर कैंसिल कर दिया। वहीं प्रोडक्ट ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर कुछ समय बाद 2097 रुपए का प्रदर्शित किया जाने लगा, जिसमें प्रार्थी द्वारा प्रोडक्ट की मांग पुन: किए जाने पर उसी प्लेटफार्म पर पुन: इस राशि 902 रुपए में खरीद की स्वीकृति नहीं दी गई। इसे डार्क पैटर्न प्रथा (छद्म व्यापार) मानते हुए निर्णय में आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने टिप्पणी की है कि वर्तमान समय में डिजिटल इंडिया प्लेटफार्म के सदुपयोग के रूप में प्रार्थी की तरह बहुत से नागरिक ऑनलाइन प्रोडक्ट बुक करने पर डिलीवरी प्राप्त करने का कार्य व्यवहार कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में सेवा प्रदाता कंपनी की नैतिक जिम्मेदारी निश्चित रूप से बढ़ जाती है।

**मामला ऐसे बढ़ा विवाद तक**-23 जनवरी 2025 को 902 रुपए में ऑनलाइन ऑर्डर किया गया। यूपीआई से भुगतान और ऑर्डर कन्फर्मेशन मिला। डिलीवरी 26 जनवरी तय थी, बाद में देरी की सूचना दी गई। 27 जनवरी तक प्रोडक्ट नहीं पहुंचा, शिकायत पर 30 जनवरी तक समाधान का आश्वासन मिला। 28 जनवरी को बिना सहमति ऑर्डर रद्द कर दिया गया। बाद में वही प्रोडक्ट 2097 रुपए में दिखने लगा और पुराने दाम पर ऑर्डर की अनुमति नहीं दी गई।


### आयोग का आदेश

आयोग ने माना कि ऑर्डर राशि पहले ही लौटाई जा चुकी है इसलिए उसका भुगतान दोबारा नहीं होगा। लेकिन मानसिक संताप और असुविधा के लिए 10500 रुपए तथा न्यायिक खर्च के 3300 रुपए यानी कुल 13800 रुपए देने का आदेश दिया गया। यह राशि 45 दिनों में 6 प्रतिशत ब्याज सहित देनी होगी। तय समय में भुगतान नहीं होने पर 9 प्रतिशत ब्याज लागू होगा।

### आयोग की सख्त टिप्पणी

आयोग ने कहा कि इस तरह का व्यवहार डार्क पैटर्न और अनुचित व्यापार प्रथा का उदाहरण है, जो डिजिटल इंडिया के तहत ई-कॉमर्स में पारदर्शिता और विश्वास की भावना को कमजोर करता है। साथ ही यह भी माना कि ऐसे कृत्य से ग्राहक को मानसिक व शारीरिक पीड़ा होना स्वाभाविक है। यह फैसला ऑनलाइन खरीदारी में उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा के लिहाज से अहम माना जा रहा है और ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए स्पष्ट संदेश देता है कि ग्राहक हितों की अनदेखी महंगी पड़ सकती है।

### कोबरी-सार



## मंगल पाठ एवं गणेश मूर्ति स्थापना आज



निसं

**पलसाना ( नवयत्न )।** वैदिक ज्योतिष व भारतीय वास्तु शास्त्र के पंडित डॉ श्रीकृष्ण चंद्र शास्त्री के सानिध्य में दो दिवसीय मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन शुरू हुआ। दीपेश शर्मा एवं प्रिया शर्मा ने बताया कि मुख्य यजमान शंकर लाल शर्मा एवं मंजू शर्मा के सानिध्य में गंगा विहार कॉलोनी स्थित सत्यम यूटोपिया में पितरजी एवं बालाजी महाराज की असीम अनुकंपा से शुक्रवार को आवाहित देवताओं की पूजा अर्चना से वास्तु शांति यज्ञ हवन आदि कार्यक्रम श्री भगवान दास आदर्श संस्कृत महाविद्यालय हरिद्वार के प्राध्यापक पं डॉक्टर कृष्ण शास्त्री के आचार्यत्व में पांच विद्वान पंडितों के द्वारा मांगलिक धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ हुए। शनिवार को प्रातः 8:30 बजे नगर भ्रमण एवं गणेश मूर्ति स्थापना, त्रिसूत्री बंधन, पूर्णाहुति, कन्या पूजन, प्रसाद वितरण, दोपहर 2 बजे मंगल पाठ आदि कार्यक्रम होंगे। इस दौरान शंकर लाल शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, रमेश चंद शर्मा, करण शास्त्री, दिनेश कुमार शर्मा, दीपेश शर्मा संहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## हिमालय वुड बैज कोर्स में जिले का उच्च स्तरीय प्रतिनिधित्व



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वावधान में मंडल प्रशिक्षण केंद्र पुष्कर घाटी, अजमेर पर 1 से 7 फरवरी तक हिमालय वुड बैज स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में स्काउट विभाग में झुंझुनू जिले से कपिल शर्मा, रामकिशन सैनी, धर्मपाल सिंह, जयप्रकाश चौधरी, महेश कुमार सैनी, जय सिंह जानू, गाइड विभाग में गाइड कैप्टन सुमन डारा, प्रियंका माठ, रेंजर लीडर संगीता खीचड़, कविता कुमावत स्काउट गाइड की एडवांस विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। सीओ गाइड प्रियंका कुमारी ने बताया कि इनके प्रशिक्षित होने से जिले की ट्रेनिंग टीम सशक्त होगी एवं जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों के कब बुलबुल, स्काउट्स गाइड्स, रोवर्स रेंजर्स को प्रशिक्षण देने में प्रशिक्षित करने में सहायता मिलेगी। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि इस शिविर का संचालन टोंक जिले के रघुवीर सिंह एवं गाइड विभाग में सुयश लोढ़ा कर रहे हैं तथा भरतपुर के लीडर ट्रेनर बलराज सिंह इसमें अपना पूर्ण योगदान दे रहे हैं। झुंझुनू जिले से सुनीता बेनीवाल स्टॉफ में सहयोग कर रहे हैं।

## वृद्धजनों के उपचार की विशेष व्यवस्था है रामाश्रय वार्ड में

सुरेंद्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** वृद्धजनों की सेवा-सुश्रुषा एवं बेहतर उपचार के लिए जिले में रामाश्रय वार्ड संचालित है। इस वार्ड में वृद्धजनों को समुचित चिकित्सा सेवाएं व सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। राज्य सरकार की ओर से प्रदेश के जिला अस्पतालों में वृद्धजनों के लिए रामाश्रय वार्ड संचालित किया गया है। जिला अस्पतालों में वृद्धावस्था विशेषज्ञ इकाई (जीरियाट्रिक वार्ड एवं जीरियाट्रिक क्लिनिक) बनाए हैं। इन्हें रामाश्रय नाम दिया गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह की मानवीय पहल पर चिकित्सा विभाग की ओर से प्रदेश में यह सुविधा शुरू की गई है। राजकीय अस्पतालों में आने वाले वृद्धजनों को सुगमतापूर्वक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए जीरियाट्रिक वार्ड की स्थापना की गई है। जिले के एसके अस्पताल, श्री कपिल देव जिला अस्पताल नीमकाथाना तथा लक्ष्मणगढ़ जिला अस्पताल में रामाश्रय वार्ड संचालित हैं, जिसमें वृद्धजनों को बेहतर चिकित्सा सेवा व सुविधाएं मिल रही हैं।

### ये सुविधाएं की गई हैं रामाश्रय वार्ड में

रामाश्रय वार्ड में वृद्धजनों के उपचार एवं देखभाल की विशेष व्यवस्था की गई हैं। इन वार्डों में 10 बैड हैं। इनमें से 5 बैड महिला एवं 5 बैड पुरूषों के लिए आरक्षित है। हर बैड के बीच पार्टीशन कर परदे लगाए गए हैं। वार्ड में महिला एवं पुरूष रोगियों के लिए अलग-अलग शौचालय हैं। इस वार्ड में व्हील चेयर, ट्रोली, मेडिसिन कैबिनेट एवं अन्य आवश्यक उपकरण व फर्नीचर उपलब्ध करवाया गया है।

### वार्ड में ही मिल रही है विशेषज्ञ सेवाएं एवं जांच की सुविधा

वार्ड का एक नोडल अधिकारी बनाया गया है, जो वार्ड की समस्त व्यवस्थाओं का प्रबंधन संभालता है। वार्ड में रोगियों की देखभाल के लिए अलग से नर्सिंग स्टाफ तथा साफ-सफाई के लिए कार्मिक हैं। वृद्धजनों को आईपीडी के समय विशेषज्ञ सेवाएं वार्ड में ही उपलब्ध हो रही है। जांच के लिए सैम्पल भी वार्ड से ही एकत्र कर रिपोर्ट भी बैड पर ही उपलब्ध करवाई जा रही है। वृद्धजनों के उपचार एवं अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित सभी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, कार्मिकों के दूरभाष नंबरों की सूची वार्ड के बाहर प्रदर्शित की गई है।

## खुले आकाश के नीचे रहने वालों को प्रदान की कंबलें



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** कोलकाता प्रवासी भामाशाह अब्दुल करीम खिची ने नर सेवा नारायण सेवा को ध्येय मानते हुए ठरड़ा स्थित बस्ती व अन्य क्षेत्र में करीब 70 जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरण किया है। ठरड़ा स्थित बस्ती में दोपहर बाद पहुंचे अब्दुल करीम खिची ने महिलाओं को कंबलें प्रदान की और उनका उपयोग करने की अपील की। अब्दुल करीम खिची ने बताया कि यहां पर काफी परिवार खुले आसमान के नीचे रहते हैं, जिसके कारण मुझे इनकी चिंता हुई और कोलकाता से आते वक्त अपने साथ इनके लिए कंबलें लाया और आज वितरीत किया गया है। कंबल वितरण के दौरान ओमप्रकाश पड़िहार, रोशन खिची, आबिद खिची आदि लोग भी साथ में मौजूद रहे।

# इंद्रधनुष में न्यू ईडन के विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुतियां

निसं



**सिंघाना ( नवयत्न )।** न्यू ईडन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सिंघाना में 12वीं कला एवं विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों का आशीर्वाद समारोह इंद्रधनुष 2026 का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ संस्था निदेशक डॉ अनिल गोदारा, न्यू इंडियन संस्था अध्यक्ष सरिता, न्यू ईडन गर्ल्स पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ अनीता, न्यू ईडन स्कूल प्रधानाचार्य मनोज कुमार यादव, न्यू इंडियन इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रधानाध्यापिका पिंकी और स्टाफ सदस्यों ने किया। छात्र-छात्राओं ने इस पल को यादगार बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। दिव्यांशी और आरव श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी, हितेश एंड पार्टी फॉर ए लेजी डांस, जिज्ञासा पार्टी मेरी गाड़ी मेरा बंगला, रिंकू एंड पार्टी चुनरी तारा वाली, योगेश एंड पार्टी मरुधरा में चाले ऊंट गाडो, आशा एंड पार्टी चचा चौधरी, खुशी खुशी एंड पार्टी लंदन ठुमकदा, तनीषा और रितिक मैशअप डांस, राजस्थानी, पंजाबी हरियाणवी सॉन्ग के साथ ही कुछ गेम्स व लघु नाटिका से विविधता में एकता का संदेश दिया। संस्था की कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने 12वीं के विद्यार्थियों को मिठाई खिलाई और तिलकार्चन करके टाइटल और पुरस्कार बांटे। कार्यक्रम के दौरान मिस्टर फेयरवेल पीयूष कुमावत और मिस फेयरवेल भावना रही। संस्था निदेशक ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अपने संबोधन में विद्यार्थियों को भावी जीवन की शुभकामनाएं दी। न्यू ईडन गर्ल्स कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर अनीता ने विद्यार्थियों को स्कूल समय में दिए गए संस्कारों के साथ आगे बढ़ाने और अपने शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार करने हेतु आवश्यक टिप्स दिए। आगामी बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखकर चैप्टर वाइज गहनता से तैयारी करने का सुझाव दिया। कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने भी अपने गुरुजनों को सम्मान स्वरूप भेंट दिए । कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों को मिठाई वितरण भी किया गया। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य निजामुद्दीन, प्रीतम कुमार सैनी, अजीत सिंह, सोमवीर सिंह, बाबूलाल, चेतना, पूनम, सुशीला, ज्योति भाटी, रचना यादव, सुमित्रा, ममता, भीम सिंह यादव, विजेंद्र कुमार, बिजेंद्र सैनी, राजेश कुमार, रविंद्र कुमार, रितु शर्मा, सुनीता सिंह, विजय सिंह इत्यादि भी उपस्थित रहे।

इस मौके पर कुछ अभिभावक भी मौजूद रहे। मंच संचालन दीक्षा व प्रियांशु ने किया।

## राष्ट्रीय पैलेटिव कैयर कार्यक्रम की टीम ने किया सामाजिक सरोकार का कार्य

### मानसिक बीमार महिला की शुरू करवाई पेंशन

सुरेंद्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से सामाजिक सरोकार के कार्य भी किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय पैलेटिव कैयर कार्यक्रम की कार्य टीम द्वारा जिले में गंभीर बीमारियों से पीड़ित रोगियों का फॉलोअप इलाज घर जाकर किया जा रहा है।

जिले में असाध्य एवं गंभीर बीमारियों से पीड़ित रोगियों की देखभाल के लिए जिले में मरू प्रकाश पैलिएटिव केयर वाहिनी की सेवाएं शुरू की गई हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व चिकित्सा मंत्री गजेन्द्रसिंह खींवसर तथा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ के निर्देशन में मरू प्रकाश पैलिएटिव केयर वाहिनी की सेवाएं शुरू की गई हैं। इसके माध्यम से जिले में गंभीर व असाध्य रोगों से जूझ रहे मरीजों के घर जाकर इलाज मुहैया करवाया जा रहा है। जो शारीरिक असमर्थता व आर्थिक कारणों से अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते हैं, ऐसे मरीजों की देखभाल के लिए डॉक्टर तथा नर्सिंग स्टॉफ की टीम के साथ पैलिएटिव केयर वाहनी की सुविधा शुरू की गई है। स्वास्थ्य विभाग गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों का रजिस्ट्रेशन भी कर रहा है ताकि उनको घर उपचार मुहैया करवाया जा सके।



उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि घर पर रोगियों के स्वास्थ्य की जांच के दौरान सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए बीसीएमओ पिपराली डॉ अजीत शर्मा, नर्सिंग अधिकारी नगेन्द्र कुमार व संजय मिश्रा ने सीकर के चेजारों का मोहल्ला की निवासी अंजू डिडवानियां की पेंशन शुरू करवाई। अंजू असाध्य मानसिक बीमारी से पीड़ित है। इस पर टीम द्वारा अंजू की श्री कल्याण अस्पताल के मानसिक रोग विशेषज्ञ से जांच करवाई। मानसिक बीमार होने पर उसका सर्टीफिकेट बनवाया और विमंदित पेंशन शुरू करवाई।

## विधायक श्रवण कुमार के प्रयासों से बनेंगे दो नए ट्यूबवैल

निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में बड़ी पहल हुई है। सूरजगढ़ के विधायक श्रवण कुमार के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र के काजला एवं डांगर गांव में दो नए ट्यूबवेल निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार दोनों गांवों में 200 एमएम व्यास के नए ट्यूबवेल लगाए जाएंगे। काजला गांव के लिए 17.74 लाख रुपये तथा डांगर गांव के लिए 18.60 लाख रुपये की लागत प्रस्तावित है। कुल मिलाकर लगभग 36 लाख रुपये की इस योजना से ग्रामीणों को स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है। नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना अध्यक्ष डीपी सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्य विधायक श्रवण कुमार की




सतत मांग और प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र में पेयजल संकट बना हुआ था, जिसे विशेष प्रयास कर स्वीकृति की दिशा में आगे बढ़ाया गया। ग्रामवासियों ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि ट्यूबवैल निर्माण से काजला और डांगर सहित आसपास के ग्रामीणों को स्वच्छ व पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में और भी जनहितकारी योजनाएं स्वीकृत होगी।

## आकाश ने भारतीय सेना के साथ एमओयू पर किए हस्ताक्षर




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कोचिंग संस्था आकाश एजुकेशनल ने भारतीय सेना के जवानों एवं उनके परिवारों के कल्याण के उद्देश्य से भारतीय सेना के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एमओयू के तहत सेवारत सैनिकों, सेवानिवृत्त जवानों, वीरता पुरस्कार विजेताओं, दिव्यांग कर्मियों तथा ड्यूटी के दौरान शहीद हुए सैनिकों के परिवारों को शिक्षा के क्षेत्र में विशेष सहयोग दिया जाएगा। यह समझौता भारतीय सेना की ओर से कर्नल सेरेमोनियल एंड वेलफेयर 3-4 तथा एईएसएल की ओर से डॉण्यश पाल चीफ एकेडमिक एंड बिजनेस हेड (दिल्ली-एनसीआर) द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। एमओयू के अंतर्गत देशभर में स्थित आकाश के सभी केंद्रों पर भारतीय सेना से जुड़े विद्यार्थियों को प्रवेश में विशेष लाभ और छात्रवृत्तियां दी जाएगी। एईएसएल के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ चंद्रशेखर गरिसा रेड्डी ने बताया कि समझौते के अनुसार ड्यूटी के दौरान शहीद हुए सैनिकों के बच्चों से केवल पंजीकरण शुल्क लिया जाएगा जबकि शेष सभी फीस में 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। 20 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले सैनिकों और वीरता पुरस्कार विजेताओं के बच्चों को भी 100 प्रतिशत ट्यूशन फीस में छूट मिलेगी। वहीं सेवारत एवं सेवानिवृत्त सैनिकों के बच्चों को 20 प्रतिशत ट्यूशन फीस में रियायत दी जाएगी। जो अन्य छात्रवृत्तियों के समायोजन के बाद लागू होगी। रेड्डी ने कहा कि शिक्षा उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है और यह साझेदारी सैनिकों के त्याग के सम्मान का प्रतीक है। एमओयू की अवधि में विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं करियर संबंधी मेंटरिंग और काउंसलिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

## श्रीपीएम रूंगटा मेमोरियल गोल्फकप : कपिल देव-मदन लाल सहित दिग्गज उतरेंगे मैदान में

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्रीपीएम रूंगटा फाउंडेशन की ओर से आयोजित होने वाले श्रीपीएम रूंगटा मेमोरियल गोल्फ कप 2026 की हस्तनिर्मित, गोल्ड-प्लेटेड रोलिंग ट्रॉफी का शुक्रवार को रामबाग गोल्फ क्लब जयपुर में अनावरण किया गया। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट अपने दूसरे संस्करण के साथ खेल भावना सौहार्द और सामुदायिक कल्याण की परंपरा को और सशक्त करेगा।




ट्रॉफी का अनावरण फाउंडेशन के ट्रस्टी किशोर रुंगटा, गौरव रुंगटा तथा रामबाग गोल्फ क्लब के सचिव समृद्ध शर्मा की उपस्थिति में किया गया। टूर्नामेंट की पहचान के रूप में तैयार की गई यह रोलिंग ट्रॉफी प्रतिस्पर्धात्मक उत्कृष्टता, सहयोग और स्थायी विरासत के मूल्यों को दर्शाती है। गौरव रुंगटा ने कहा कि इस टूर्नामेंट में इस बार कई प्रतिष्ठित हस्तियां भाग लेगी। जिनमें महान क्रिकेटर कपिल देव, मदन लाल और प्रसिद्ध क्रिकेट सेलेक्टर गगन खोड़ा शामिल हैं। इसके अलावा अमृत माथुर, लेफ्टिनेंट जनरल मजींदर सिंह, सेना के वरिष्ठ अधिकारी, भारतीय रेल के अधिकारी, वरिष्ठ नौकरशाह और न्यायपालिका से जुड़े प्रतिनिधियों की भी सहभागिता रहेगी। गोल्फ कप 2026 को स्टेबल बोर्ड सिंगल पेओरिया फॉर्मेट में खेला जाएगा। जिससे विभिन्न कौशल स्तर के खिलाड़ियों को समान अवसर मिल सके। प्रतियोगिता में ओवरऑल नेट विनर, विभिन्न हैंडीकैप कैटेगरी, लेडी गोल्फर और वेटरन गोल्फर श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे। वहीं सीएसआर पहल के तहत फाउंडेशन रामबाग गोल्फ क्लब के 180 से अधिक कैडीज और सपोर्ट स्टाफ को जैकेट्स वितरित करेगा।

## डॉ पुष्पेंद्र सिंह का संयुक्त राष्ट्र फेलोशिप के लिए चयन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान के युवा शिक्षाविद डॉ पुष्पेंद्र सिंह का संयुक्त राष्ट्र की प्रतिष्ठित फेलोशिप के लिए चयन हुआ है। इस फेलोशिप के लिए चयनित होने वाले वे राजस्थान के एकमात्र शिक्षाविद हैं, जिसे प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। डॉ पुष्पेंद्र सिंह ने अक्टूबर 2025 में राजस्थान विश्वविद्यालय से लोक प्रशासन विषय में पीएचडी उपाधि प्राप्त की है। उनका शोध विषय साइबर अपराध कानून रहा है, जो वर्तमान डिजिटल युग में तेजी से बढ़ती साइबर चुनौतियों के संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक और महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके शोध कार्य को नीति निर्माण और प्रशासनिक सुधारों की दृष्टि से भी उपयोगी माना जा रहा है। शिक्षा और शोध के क्षेत्र के साथ-साथ डॉ सिंह सामाजिक सरोकारों से भी



गहराई से जुड़े हुए हैं। वे राजस्थान में आदिवासी समुदायों तथा महिलाओं के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। सामाजिक न्याय, समानता और डिजिटल सुरक्षा जैसे विषयों पर उनका निरंतर योगदान उल्लेखनीय रहा है। संयुक्त राष्ट्र फेलोशिप के लिए उनका चयन न केवल उनकी अकादमिक क्षमता और शोध की गुणवत्ता का प्रमाण है बल्कि यह राजस्थान के युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उनके चयन से प्रदेश का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस 9 को

सुरेंद्र शर्मा

सीकर (नवयत्न)। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार 9 फरवरी को जिले के चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाएगा। चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उनको गर्भावस्था में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने के लिए विभाग की ओर से प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख को जिले के सभी सरकारी चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं को शिशु स्वस्थ हो और प्रसव के दौरान होने वाले जोखिम के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि चिकित्सालयों में गर्भवती की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की जाएगी। इस दिन पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एलएमपी तारीख के अनुसार दूसरी या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए जाएंगे ताकि कूपन के माध्यम से गर्भवती महिला विभाग के अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी सेंटर पर अपनी सोनोग्राफी नि:शुल्क करवा सके।

## सरकारी सड़क पर मूर्ति लगाने पर विवाद

निसं

**नीमकाथाना ( नवयत्न )।** कस्बे की कपिल मंडी में रामलीला मैदान से सटी मुख्य सड़क चौराहे पर सरकारी भूमि पर स्थापित की गई महाराजा अग्रसेन की मूर्ति और चबूतरे को लेकर विवाद गहरा गया है। इस संबंध में स्थानीय नागरिकों ने अतिरिक्त जिला कलक्टर, उपखंड अधिकारी, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना का आरोप लगाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन के अनुसार रामलीला मैदान चौराहा सार्वजनिक निर्माण विभाग के रिकॉर्ड में सड़क के रूप में दर्ज है जो आपात स्थिति, सार्वजनिक आवागमन के लिए महत्वपूर्ण है। इसके बावजूद 31 जनवरी की रात चबूतरे का निर्माण कर दिया गया और 1 फरवरी 2026 को सुबह सवा 10 बजे मूर्ति का अनावरण कर दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि सार्वजनिक सड़क व सरकारी भूमि पर इस तरह किसी भी प्रकार



की स्थायी संरचना या मूर्ति स्थापित करना सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देशों के विरुद्ध है। इससे न केवल यातायात प्रभावित होगा बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा और कानून-व्यवस्था पर भी असर पड़ सकता है। नागरिकों ने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर धार्मिक या सांस्कृतिक संरचनाओं की स्थापना की अनुमति नहीं दी जा सकती। यदि प्रशासन ऐसे अवैध निर्माणों को नहीं हटाता है तो यह न्यायालय की अवमानना की श्रेणी में आएगा। ज्ञापन में मांग की गई है कि सड़क पर स्थापित मूर्ति व चबूतरे को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। मूर्ति स्थापना की अनुमति देने वाले आदेशों की वैधानिकता की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्पष्ट प्रशासनिक दिशा-निर्देश जारी किए जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि यह मामला केवल स्थानीय विवाद नहीं बल्कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के पालन, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा और विधि-राज की भावना से जुड़ा गंभीर विषय है। नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान मनीराम यादव, जुगल किशोर, शशिपाल भाकर, महेंद्र बिजारणियां, सुमन सामोता, इंदु सिंह, राजेश मंगवा, हंसराज किलानियां, कमल नयन महरानियां, विकास, रामचंद्र दिवाच सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## 1.18 करोड़ की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कमिश्नरेट की स्पेशल टीम और सांगानेर थाना पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 589.95 ग्राम स्मैक बरामद की है। पकड़ी गई स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 करोड़ 18 लाख रुपये आंकी जा रही है। फिलहाल आरोपी तस्कर से पूछताछ की जा रही है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी को सूचना मिली थी कि एक तस्कर बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ लेकर टोंक रोड से गुजरने वाला है। इस पर विशेष पुलिस कमिश्नर (ऑपरेशन्स) राहुल प्रकाश और पुलिस उपायुक्त (अपराध) अभिजीत सिंह के सुपरविजन में टीम गठित की गई। पुलिस ने चाकसू बस स्टैंड के सामने टोंक रोड पर संदिग्ध की पहचान कर उसे घेराबंदी कर हिरासत में लेकर तलाशी लेने पर उसके पास से वाणिज्यिक मात्रा 589.95 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली स्मैक बरामद हुई।

# सूने मकान में हो गई चोरी



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** गांधी बस्ती के अम्बेडकर भवन के पास स्थित एक सूने मकान में चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। मकान मालकिन सुनीता देवी पत्नी रूपाराम गोयल ने बताया कि मेरे पति की ड्यूटी धोलिया गांव में है और पिछले करीब 10-11 दिनों से हम लोग घर को बंद करके धोलिया गांव में ही रह रहे थे। विवेक ने बताया कि दो दिन पहले ही मकान को संभालकर गया था, तब तक कुछ नहीं हुआ था। इन दो दिनों में ही चोरी हुई है। सुनीता देवी ने बताया कि 2.3 जोड़ी चांदी की पाजेब और 40-50 हजार रू नकद चोरी हो गए हैं। मामले की जानकारी पुलिस को भी दी गई। सुनीता देवी ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि उनका चोरी गया माल बरामद कर चोरों को गिरफ्तार किया जावे। वहीं चोर दो कमरों के ताले तोड़कर सारा सामान बिखेर कर चले गए।

# शिविर में हुआ बच्चों का उपचार



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चिकित्सा विभाग की ओर से शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रींगस में आरबीएसके शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 79 बच्चे स्वास्थ्य परीक्षण कर 77 बच्चों का उपचार किया गया एवं 2 बच्चों को उच्च संस्थान पर इलाज के लिए रैफर किया गया। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सुनील गढ़वाल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ दिनेश बाजिया, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ रामोतार दायमा, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ कंचन कुमावत एवं दंत रोग चिकित्सक डॉ मनीष मीणा ने अपनी सेवाएं दी।

# युवाओं की भागीदारी से ही सशक्त होगा लोकतंत्र : कोचर



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय पर राजकीय लोहिया महाविद्यालय में शुक्रवार को ईएलसी क्लब के माध्यम से इलेक्टोरल लिटरेसी फेस्टिवल आयोजित किया गया। इस दौरान स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ श्वेता कोचर ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग न केवल स्वयं मतदान करें, बल्कि अपने परिवार, मित्रों एवं समाज के अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने में ईएलसी की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान रंगोली और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से नैतिक मतदान का संदेश दिया। प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर ईएलसी प्रभारी डॉ. सरोज हारित ने क्लब की अब तक की गतिविधियों, उपलब्धियों एवं आगामी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में दिनेश कुमार चारण, अरविंद शर्मा, धीरज बाकोलिया, वीणा ढेनवाल, डॉ. रूपा शेखावत, मधु चौधरी, मधुसूदन प्रधान, रहमत बानो, समीक्षा चौधरी, अरूण टुहानिया, मनीष सहित संकाय सदस्य, ईएलसी क्लब के सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गौशाला विकास के लिए सिंघानिया परिवार ने दिए 5 लाख 11 हजार



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** पंडित गणेश नारायण नेत भोमिया सुरभि गोशाला को निरन्तर सहयोग का सिलसिला जारी है। महेंद्रसिंह बुगालिया व विजयपाल सिंह ने बताया कि बुगाला निवासी व गोरखपुर प्रवासी भामाशाह सन्तोष कुमार सिंघानिया अपने परिवार सहित गोशाला पहुंचकर अवलोकन किया। गोशाला विकास के लिए 5 लाख 11 हजार रुपए का सहयोग किया। गोशाला अध्यक्ष हीरानन्द बुगालिया व गौसेवा समिति ने इनका का आभार जताया। इस मौके पर नन्दकिशोर स्वामी, महेंद्र केडिया, शिवनारायण सिंह, पवन सिंह, गौरीशंकर सैनी, कैप्टन महेश बुगालिया आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान के तृतीय चरण की डीपीआर का अनुमोदन

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान के तृतीय चरण की डीपीआर का अनुमोदन ब्लॉक स्तरीय समिति द्वारा राजेन्द्र कुमार उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सम्मिलित ग्राम पंचायतें भनीण व झाड़सर कांधलान के चार गांवो भनीण, झाडसर कांधलान, ढ़ाणी कुलड़ियान, देवगढ़ को शामिल कर परियोजना तैयार की गई। उक्त परियोजना में मुख्यरूप से व्यक्तिगत कृषी कुण्ड व कृषी डिग्गी को परियोजा में शामिल किया गया। ब्लॉक स्तरीय समिति द्वारा उक्त परियोजना प्रतिवेदन का सर्व सम्मति से अनुमोदन किया गया तथा जिला स्तरीय समिति को भेजे का निर्णय लिया गया। उक्त बैठक में अशोक कुमार विकास अधिकारी पंचायत समिति तारानगर, विनोद कुमार घायल सहायक अभियंता, वीरपाल सहायक अभियंता आईजीएनपीए ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी, क्षेत्रिय वन अधिकारी एवं अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया।

# 2026-27 के लिए एक अरब 38 करोड़ रुपए का बजट सर्व सम्मति से पारित

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ नगरपालिका मंडल की बैठक टाऊन हॉल के सभागार में पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत की अध्यक्षता में बजट बैठक हुई। बैठक में विधायक पूसाराम गोदारा, ईओ डॉ. सहदेव चारण सहित कई पार्षद उपस्थित थे। बैठक में लेफ्टिनेट जनरल सगतसिंह की आदमकद मूर्ति संगम चौराहे पर लगाने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही सन् 2026-27 के लिए एक अरब 38 करोड़ रुपए का बजट सर्व सम्मति से पारित किया गया। बैठक शुरू होते ही ईओ चारण ने पांच वर्ष के कार्यकाल में करवाए गए विकास कार्यों का ब्यौरा देते हुए मंडल के सभी सदस्यों का आभार जताया। वहीं लेफ्टिनेट जनरल सगतसिंह की मूर्ति संगम चौराहे पर लगाने का प्रस्ताव रखाए जिसे ध्वनि मत से पारित किया गया। बैठक में पार्षद राजेश गहलोत व पुरूषोत्तम इंदौरिया ने अपने-अपने वार्डों में बन रहे सामुदायिक भवन में बरती जा रही कौताही की तरफ सदन का ध्यान आकर्षित करवाते हुए कहा कि निर्माण कर रहे ठेकेदार अपनी मर्जी से निर्माण करवा रहा है। उन्होंने नए नगरपालिका भवन का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के नाम रखने की मांग भी की। चारों पुलियों को चौड़ा करने का कार्य अतिशीघ्र करने की मांग सदन में रखी। पार्षद मनोज सोनी ने शहर में विचरण कर रहे बेसहारा पशुओं से आए दिन हो रही जनहानि की ओर ध्यान आकर्षित करवाते हुए मांग कीए कि शीघ्र ही पालिका अपने स्तर पर सड़कों पर विचरण कर रहे बेसहारा गोवंश को नंदीशाला एवं अनुदानित गोशालाओं में भिजवाए। पार्षद मुखत्यार खान, मांगीलाल प्रजापत, नंदकिशोर भार्गव, अरविंद चाकलान, नेमीचंद खटीक, साबिर तेली, अनवर तेली, दिनेश कुमावत, नूर मोहम्मद, अब्बास गौरी ने भी शहर से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सदन का ध्यान आकर्षित करवाया। पार्षदों ने कहा कि नगरपालिका मंडल ने अरबों रुपए के विकास कार्य करवाए, लेकिन कई लोग सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए उन स्थानों पर जाकर फोटो खिंचवा रहे हैं, इस व्यवस्था को तुरंत रोका जाना चाहिए। पार्षद निखिल इंदौरिया ने पूर्व विधायक पंडित जयदेवप्रसाद इंदौरिया की मूर्ति लगाने के लिए जगह निर्धारित करने की मांग की। वहीं इंदौरिया व गहलोत ने ज्योतिबा फुले की मूर्ति लगाने की मांग रखी। पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत ने अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में करवाए गए प्रमुख कार्य नगरपालिका भवन का शिलान्यास, इंडोर स्टेडियम का लोकार्पण, स्टेशन रोड व चूरू सड़क मार्ग का सौंदर्यकरण एवं ड्रेनेज योजना की जानकारी दी। विधायक गोदारा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विकास के कार्यों में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। ईओ डॉ. सहदेव चारण ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी पार्षदों का चेयरमैन सारस्वत व विधायक गोदारा ने दुपट्टा ओढ़ाकर एवं प्रतिक चिन्ह देकर अभिनंदन किया। इस मौके पर नगरपालिका के स्टाफके सदस्य उपस्थित थे।

# निजी विद्यालय के शिक्षक ने 10वीं के छात्र को बेरहमी से पीटा

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ शहर के एक निजी विद्यालय में शिक्षा के मंदिर को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहाँ कक्षा 10वीं के एक छात्र के साथ गणित के अध्यापक द्वारा बर्बरतापूर्वक मारपीट करने का आरोप लगा है। शिक्षक की पिटाई से घटना से आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने विद्यालय के बाहर प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र की एक निजी विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा 10 के छात्र के साथ गणित विषय के अध्यापक ने मारपीट की। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर शिक्षक अपना आपा खो बैठे और छात्र की इतनी बेरहमी से पिटाई की कि उसके गले और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के गहरे निशान बन गए हैं। छात्र के गले पर चोट के निशान देख परिजन आक्रोशित हो उठे। बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन विद्यालय परिसर पहुँचे और अध्यापक के खिलाफ अपना विरोध जताया।

# दो अलग-अलग स्थानों पर चार वाहनों की भिड़ंत



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में नेशनल हाइवे 11 पर दो अलग अलग स्थानों पर गत सायं चार वाहनों की भिड़ंत हो गई। घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं है, लेकिन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। हालांकि दोनों ही घटनाओं का पुलिस में मामला दर्ज नहीं हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एनएच 11 पर गुंसाईसर फांटा के पास दो कारों की ओवरटेक करते समय आमने सामने भिड़ंत हो गई, जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं जयपुर पुलिया के पास पशु चारे से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली से ईंटों से भरा ट्रक टकरा गया। ट्रैक्टर ट्रॉली पशु चारे से ओवरलोड होने से उक्त हादसा हो गया। दोनों ही हादसों के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। टोल कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर आवागमन को दुरुस्त करवाया तथा पुलिस ने घटना की जानकारी ली। दोनों ही घटनाओं में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

# गौशाला को कम्प्यूटर भेंट



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** क्षेत्र के लोयल गांव में श्री थानदेव गौशाला में सुनारी ढाणी समिति को प्रेरित करके पूर्व ओडीएस रघुवीर सिंह काजला के प्रयास से गौशाला में ढाणीवासियों के सौजन्य से प्रिंटर कंप्यूटर भेंट किया। अब गौशाला में हिसाब किताब करने के लिए आसानी से सुविधा हो जाएगी। इस मौके पर शीशराम धींवा, प्रताप स्वामी, दिलीप नेहरा, गौशाला अध्यक्ष हंसराज, प्यारेलाल पटवारी, रघुवीर सिंह काजला, महावीर जांगिड़, मानसिंह, सुरेंद्र सिंह काजला, हरी सिंह कुमावत आदि उपस्थित रहे।

# पीएम ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में छात्रा भूमिका से किया संवाद

निसं




**चूरू ( नवयत्न )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से श्परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत देशभर में विद्यार्थियों से संवाद किया और उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चूरू जिले की पीएमश्री राउमावि खण्डवा की 12वीं कक्षा की छात्रा भूमिका शर्मा से भी सीधा संवाद किया और जिज्ञासाओं को शांत किया। संवाद के दौरान भूमिका शर्मा ने प्रधानमंत्री से प्रश्न किया कि हम जो बड़े सपने देखते हैं उनको पूरा करने के लिए हमें कौनसी आदतों का विकास करना चाहिए, जिससे हम सपने के नजदीक पहुंच पाएं। इस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमें बड़े एवं सफल लोगों की आत्मकथा का अध्ययन करना चाहिए, क्योंकी आज जो बड़े व सफल व्यक्तित्व हैं उनके संघर्ष से हमें सीखना चाहिए। हम बड़े व्यक्तित्वों की आत्मकथाओं के अध्ययन से विश्वास बढ़ेगा और निरंतर सफलता पथ पर मजबूती से कदम बढ़ा सकेंगे। इन आत्मकथाओं को पढ़ने से यह पता चलता है कि सफलता की सीढ़ियों पर किस प्रकार से चढ़ा जा सकता है। छात्रा भूमिका शर्मा ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बताया कि मैं अपने आदर्शों के बारे में अध्ययन करके उनसे सीखकर कदम बढ़ाउंगी। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम से उनका आत्मविश्वास मजबूत हुआ है। सीडीईओ संतोष महर्षि ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में परीक्षा के तनाव को कैसे कम किया जा सकता है, इस बारे में प्रधानमंत्री द्वारा सुझाव दिए गए। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को जिले के सभी राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में प्रसारित किया गया। चूरू तहसील के खण्डवा ग्राम के पीएमश्री राउमावि खण्डवा के प्रधानाचार्य राजेन्द्र सुण्डा, समस्त स्टाफ, समस्त विद्यार्थियों एंव खण्डवा ग्राम के गणमान्य नागरिकों के साथ इस कार्यक्रम को देखा गया। इसी के साथ जिला मुख्यालय पर सीडीईओ कार्यालय, डीईओ माध्यमिक/प्रारंभिक, एडीपीसी कार्यालय सहित सभी कार्यालयों में लाइव प्रसारण किया गया।

# आनंद, आस्था और भक्ति का महाकुम्भ 17 से

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** धार्मिक आस्था, सनातन संस्कृति और भक्ति रस से ओतप्रोत वातावरण के बीच आनंद कृष्ण महाराज के सानिध्य में 17 से 26 फरवरी तक गांव में भव्य धार्मिक मेले एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का विशाल आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन बाबा आकाश गिरी महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न होगा, जिसे लेकर समूचे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल है। जानकारी देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी महेश बसावतिया ने बताया कि आयोजन का शुभारंभ 17 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर गांव की गलियों से होकर कथा स्थल तक पहुंचेंगी। ढोल-नगाड़ों, भजनों और जयघोष के साथ निकाली जाने वाली यह यात्रा धार्मिक चेतना और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बनेगी। इसके पश्चात संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ होगा, जिसमें आनंद कृष्ण महाराज अपने ओजस्वी प्रवचनों, मधुर वाणी और भावपूर्ण कथावाचन से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, ज्ञान और सनातन मूल्यों का जीवंत वर्णन किया जाएगा। पूरे दस दिवसीय आयोजन के दौरान मेला स्थल पर धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गतिविधियों की भव्य छटा देखने को मिलेगी। दूर-दराज के क्षेत्रों से संत-महात्मा, श्रद्धालु एवं भक्तजन इस आयोजन में शिरकत करेंगे। इस भव्य आयोजन के आयोजक समस्त ग्रामवासी हैं, जिन्होंने क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धार्मिक लाभ प्राप्त करने की अपील की है। आयोजन को लेकर गांव को भव्य रूप से सजाया जा रहा है और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और सनातन परंपराओं को सुदृढ़ करने का भी संदेश देगा।

# जाम से मिलेगी मुक्ति: ट्रांसपोर्ट नगर और घाट की गुणी पर अब नहीं लगेंगे सवारी वाहनों के ढेर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर के सबसे व्यस्त प्रवेश द्वारों में से एक ट्रांसपोर्ट नगर और घाट की गुणी क्षेत्र को जाम मुक्त करने के लिए जयपुर पुलिस ने कमर कस ली है। सुरक्षित और सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देशों पर शुक्रवार को नई व्यवस्था लागू की गई। इसके तहत सड़क पर अवैध रूप से खड़े होकर सवारी बैठाने वाले वाहनों को हटाकर उन्हें निर्धारित स्थानों पर रुकने के लिए पाबंद किया गया है। जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि शहर में सुगम यातायात हमारी प्राथमिकता है। ट्रांसपोर्ट नगर और घाट की गुणी पर अब निर्बाध संचालन के लिए कार्ययोजना तैयार कर उसे धरातल पर उतार दिया गया है। पुलिस उपायुक्त यातायात सुमित मेहरड़ा ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर और घाट की गुणी पर सड़क के दोनों ओर टेंपो ट्रेक्स और टाटा मैजिक जैसे सवारी वाहन अनधिकृत रूप से खड़े रहते थे। बीच सड़क पर सवारी बैठाने की होड़ के कारण न केवल यातायात बाधित हो रहा था बल्कि आए दिन लंबे जाम की स्थिति बनी रहती थी। इससे आम वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। यातायात पुलिस ने शुक्रवार को विशेष अभियान चलाकर ट्रांसपोर्ट नगर, सांगानेर, जगतपुरा, कानोता, गोनेर, अक्षय पात्र, नायला और दौसा-बस्सी की तरफ जाने वाले टाटा मैजिक व अन्य वाहन चलने वाले वाहन चालकों को समझाइश कर पाबंद किया।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अब समझाइश का दौर समाप्त हो चुका है। यदि कोई भी सवारी वाहन चालक निर्धारित स्थान के अलावा सड़क पर कहीं भी वाहन खड़ा कर यातायात अवरुद्ध करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध यातायात नियमों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 28 फरवरी को सुजानगढ़ में होगी किसान महापंचायत

निसं




**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी सुजानगढ़ की मीटिंग का आयोजन अध्यक्ष तेजपाल गोदारा के सानिध्य में किया गया। जिसमें जिला कमेटी के पर्यवेक्षक के रूप में जिला उपाध्यक्ष मदनलाल जाखड़, जिला सचिव उमराव सिंह आदि मौजूद रहे। बैठक में हाल ही में आयोजित हुए जिला सम्मेलन को लेकर सुजानगढ़ तहसील कमेटी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इसी प्रकार आगामी 28 फरवरी को किसान महापंचायत सुजानगढ़ एसडीएम कार्यालय के सामने रखे जाने का निर्णय लिया गया। जिसमें किसानों के बकाया बीमा क्लेम, भाषीणा गांव के किसानो पर बिजली बोर्ड अधिकारी द्वार लगाया गया झूठा मुकदमा खारिज करने, स्मार्ट मीटर योजना के नाम पर लूट बंद करने, नरेगा मजदूरों को पूरा वेतन, सुजानगढ़ तहसील को सिंचाई के लिए नहर से जोड़ा जाए, बेल बच्चडो की बिक्री पर लगी रोक हटाने, नशे के कारोबार पर रोक लगाई जानेए सुजानगढ़ को जिला बनाए जाने सहित अनेक मांगें रखी जाएंगी। इस हेतु कार्यकर्ता गांव-गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों से किसान महापंचायत में शामिल होने की अपील करेंगे। मीटिंग में तहसील सचिव कामरेड रामनारायण रूलानिया लालूराम बिजारणिया, महबूब बडगूजर, मुमताज काजी, दीनदयाल गुलरिया, ओमप्रकाश डूडी, जयराम टांडी, हेमंत ढाका आदि कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# अखिल भारतीय किसान सभा की तहसील कमेटी की बैठक संपन्न



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में अखिल भारतीय किसान सभा की तहसील कमेटी की विस्तारित बैठक का आयोजन जिला पर्यवेक्षक व जिला सचिव उमराव सारण एवं जिला संयुक्त सचिव रामनारायण रुलाणिया उपस्थित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से तहसील कार्यकारिणी का पुनर्गठन करते हुए भादर भामू को तहसील अध्यक्ष एवं गोपीचंद खीचड़ को तहसील सचिव निर्वाचित किया गया। वहीं संरक्षण मंडल में मदनलाल जाखड़ एवं खींवाराम ख्यालिया को शामिल किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष मदनलाल जाखड़, तहसील अध्यक्ष भादर भामू एवं सचिव गोपीचंद खीचड़ ने कहा कि किसान लंबे समय से गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। वर्ष 2017 से फसल बीमा क्लेम बिना कटौती के जारी करने, रेंडम प्रणाली से क्रॉप कटिंग करने, मनरेगा को पुन: बहाल करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य एमपीएस को कानूनी गारंटी देने, तथा बिजली-पानी की समस्याओं के स्थायी समाधान की मांग को लेकर 25 फरवरी को महापंचायत आयोजित की जाएगी।

जिसमें बड़ी संख्या में किसान भाग लेंगे। बैठक में रणजीत खोथ, मनीष जाखड़, ओमप्रकाश तालनिया, लेखराज बलारा, रामकिसन भामू, विजयपाल कड़वासरा, संजय कड़वासरा, गिरधारी घिंटाला, हनुमान मुहाल, मांगीलाल सहू, नानूराम बीरड़ा, महेन्द्र मेघवाल, लेखराम सहू, रामदान चारण, गोरख सिंह राजपूत, मोहनलाल जांगू, हड़मानसिह सीलू, मनफुल भामू, मनोज चारण, रामूनाथ सिद्ध, भागीरथ सिंह राठौड़ सहित कई उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

# खनन पर हो मनन

सत्ताधीशों की इच्छा शक्ति की कमी और प्रवर्तन एजेंसियों की लापरवाही से खनन माफिया के हौसल बुलंद हैं। कहीं न कहीं नागरिकों की उदासीनता भी इसके मूल में हैं। पंजाब के रोपड़ जिले की शिवालिक पहाड़ियों में हो रही तबाही उस भयावह स्थिति को दर्शाती है, जिसका खमियाजा आने वाली पीढ़ियों को भी भुगतना पड़ेगा। वजह साफ है कि अंधाधुंध खनन से शिवालिक पहाड़ियों के पारिस्थितिकीय तंत्र को भारी क्षति पहुंच रही है। जो हमें यह भी बताता है कि नीति और प्रवर्तन के बीच खाई में पर्यावरणीय अपराध कैसे और किस तेजी से पनपते हैं। प्रशासन की नाक के नीचे खुदाई करने वाली भारी मशीनों का खुलेआम प्रयोग अवैध खनन हेतु किया जा रहा है। इस पारिस्थितिक रूप से नाजुक क्षेत्र की पूरी पहाड़ियों को समतल किया जा रहा है। जो हमारे पर्यावरण के लिये एक गंभीर चुनौती है। यह क्षति शिवालिक पहाड़ियों के मूल पारिस्थितिक कार्यों मसलन भूजल पुनर्भरण, मृदा-स्थिरता और जैव-विविधता संरक्षण जैसे जीवन रक्षक लक्ष्यों को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। दरअसल, यह शिवालिक पर्वतमाला भू-संरचना की दृष्टि से नयी बनी हुई है और स्वाभाविक रूप से अस्थिर है। निर्विवाद रूप से किसी भी स्थान पर होने वाली अनियंत्रित खुदाई से भूमि का कटाव बहुत तेजी से होता है। जिसके चलते वर्षा ऋतु और उसके बाद भूस्खलन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ती है। वहीं इन क्षेत्रों में गाद जमाव का संकट भी गहरा जाता है। कालांतर इसके चलते जल निकासी के पैटर्न में अप्रत्याशित बदलाव देखने में आता है। यह सर्वविदित है कि एक बार इन पहाड़ियों को अवैध रूप से काटकर समतल कर दिया जाता है तो उसके मूल स्वरूप को फिर प्राप्त कर पाना लगभग असंभव है। दूसरे शब्दों में कहें उस क्षेत्र विशेष का प्राकृतिक संरक्षण कवच हमेशा के लिए नष्ट हो जाता है। ऐसे में प्राकृतिक सुरक्षा को नष्ट करने वाला विकास कालांतर आपदा का कारक बन सकता है। दरअसल, यह ऐसा प्राकृतिक सुरक्षा तंत्र होता है जो निचले मैदानी इलाकों को बाढ़ और जल संकट से बचाता है। यह विडंबना ही कही जाएगी कि इस बाबत जवाबदेह अधिकारियों द्वारा दलील दी जाती रही है कि इस क्षेत्र में खनन की प्रक्रिया पर्यावरण संबंधी स्वीकृतियों के आधार पर की जाती रही है। साथ ही यह भी सफाई दी जाती है कि ऐसी स्वीकृतियों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाया जाता है। लेकिन हकीकत तब उजागर हो जाती है जब स्थानीय लोग रात के समय होने वाले खनन कार्यों, निर्धारित सीमा से अधिक और बड़े पैमाने पर पहाड़ी इलाकों में कटाई होने के आरोप लगाते हैं। ऐसे में अधिकारियों की तमाम दलीलें खोखली ही साबित होती हैं।

दरअसल,सवाल नियम-कानूनों की प्रभावकारिता का नहीं है बल्कि असली दिक्कत प्रवर्तन एजेंसियों की उदासीनता की है। जो वस्तु-स्थिति से अवगत होने के बावजूद इन आपराधिक कृत्यों के प्रति आंखें मूंदे रहती हैं। दरअसल, खनन कार्यों से जुड़े ठेकेदारों को आपराधिक तत्वों व राजनेताओं का संरक्षण भी एक बड़ी चुनौती है। इसमें दो राय नहीं है कि जब अवैध खनन के खिलाफ जमीनी स्तर पर निगरानी के बजाय महज कागजी कार्रवाई का सहारा लिया जाता है तो अवैध खनन को संबल मिलता है।

ऐसा भी नहीं है कि यह अवैध खनन केवल पंजाब की शिवालिक पहाड़ियों के आसपास ही हो रहा है। पूरे भारत में, पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील तमाम क्षेत्रों में अवैध खनन लगातार पर्यावरण से जुड़े कानूनों की सीमाओं का उल्लंघन करता नजर आता है। अकसर खनन के लिये दिए गए परमिटों में अस्पष्टता और स्थानीय स्तर पर कमजोर निगरानी का फायदा उठाया जाता है।

## ● विशेष आलेख

# तंग नजरिये से छोटा न हो भारतीयता का आंगन

देश के हर विवेकशील नागरिक के मन में यह सवाल उठना चाहिए। भारतीयता के आंगन में धर्म की दीवारें खड़ी करने वालों को यह बात क्यों समझ नहीं आ रही कि ऐसी हर दीवार आंगन को छोटा ही करती है। आज अपने आंगन को बांटना नहीं है, पूरे आंगन में धूप की ऊष्मा और रोशनी पहुंचाना हमारी आवश्यकता है।



अखबार में उस दिन दो खबरें एक साथ दिखीं। पहली खबर उत्तराखंड के कोटद्वार की है। वहां एक दुकान है, स्कूली ड्रेस बिकती हैं वहां। नाम है 'बाबा स्कूल ड्रेस और मैचिंग सेंटर'। पिछले 30 साल से चल रही इस दुकान के 75 वर्षीय मुस्लिम मालिक को कुछ लोग धमका रहे हैं कि वह दुकान का नाम बदले बाबा शब्द को हटा दें। भले ही आप अपने पिता को बाबा कहते हैं पर इस दुकान का नाम बदलवाने की मांग करने वालों का कहना है कि कोटद्वार में बाबा सिद्धबली का मंदिर है। उन्हें लगता है कि इस 'बाबा' नाम पर हिंदुओं का एकाधिकार है और किसी मुसलमान को अपनी दुकान का नाम हिंदुओं के देवता के नाम पर रखने का अधिकार नहीं है। अपने आप को हिंदू धर्म का रक्षक मानने वालों की उस भीड़ ने कुछ दिन पहले भी इस नाम को बदलने की मांग की थी, और अब फिर इस बात का जवाब मांग रहे थे कि 'अब तक नाम बदला क्यों नहीं गया'। यह जानना ज़रूरी है कि उस भीड़ के लोग आग्रह नहीं कर रहे थे, धमका रहे थे।

उनकी धमकियों का शोर सुनकर पास के जिम का युवा मालिक वहां पहुंचा। जब उसने शोर मचाने वालों को रोकने की कोशिश की और बाबा स्कूल ड्रेस के उम्रदराज मुसलमान मालिक का पक्ष लिया तो उन उपद्रवियों ने उसे युवक का नाम पूछा। युवक ने बुलंद आवाज़ में अपना नाम बताया मोहम्मद दीपक। उसका नाम दीपक कुमार ही था, पर उपद्रवियों के सामने तनकर खड़ा होते हुए उसने स्वयं को मोहम्मद कहा था। एक मुसलमान पड़ोसी के हितों की रक्षा के लिए किसी हिंदू का सामने आना इस देश के लिए नई बात नहीं है, पर दीपक कुमार का स्वयं को मोहम्मद बताना और वह भी सांप्रदायिकता का ज़हर फैलाने वालों के सामने, साहस की मांग करता है। दीपक कुमार ने यह साहस दिखाया और इस साहस के लिए देश के विवेकशील नागरिक उसकी प्रशंसा कर रहे हैं। विवेकशील लोगों की कमी नहीं है देश में, पर अन्याय के खिलाफ खड़े होकर न्याय के लिए खतरा मोल लेना भी कोई आसान काम नहीं है। दीपक कुमार ने यह साहस दिखाया है। ऐसे हर दीपक का हौसला बढ़ाने की आवश्यकता है।

जिस दिन अखबार में 'मोहम्मद दीपक कुमार' की यह खबर छपी थी, उसी दिन एक खबर देश की पूर्वी सीमा से भी आयी थी। असम की बात है यह। मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा का एक बयान छपा था अखबारों में। वह कह रहे थे कि मुसलमान रिक्शा चालक को हिंदुओं से कम मेहनताना देना चाहिए। कोई भी यदि इस तरह के भेदभाव वाली बात कहे तो उसे ग़लत ही कहा जायेगा। पर यदि कोई मुख्यमंत्री ऐसी बात करता है तो उसकी सोच पर गुस्सा ही नहीं आता, तरस भी आता है। मुख्यमंत्री जैसे जिम्मेदार पद पर बैठा कोई व्यक्ति यदि इस तरह की घटिया सोच का प्रदर्शन करता है तो बात और भी गंभीर हो जाती है। यह दुर्भाग्य ही है कि आज़ादी अर्जित करने के इतने साल बाद इस तरह की सोच के उदाहरण सामने आ रहे हैं।

जब हमारे पूर्वजों ने देश के संविधान में पंथ-निरपेक्ष भारत की व्यवस्था की थी तो यह निर्णय बहुत सोच-विचार कर लिया गया था। यह सही है कि देश का बंटवारा धर्म के नाम पर हुआ था, पर हमारे तत्कालीन नेताओं ने कभी यह नहीं स्वीकारा कि हमारा भारत किसी एक धर्म को मानने वालों का देश बन जाये। दुनिया में शायद ही कोई और देश होगा जहां इतने धर्मों को मानने वाले लोग हों जितने हमारे देश में हैं। भारत ने हर धर्म का स्वागत किया है। हमारी बहुधर्मिता हमारी ताकत है। यह सही है कि भारत में लगभग अस्सी प्रतिशत आबादी हिंदू है, लेकिन यहां हर धर्म को मानने वालों को अपनी आस्था के अनुसार जीने का अधिकार हमारा संविधान देता है। ऐसे में जब धर्म के आधार पर भेदभाव करने का कोई उदाहरण सामने आता है, और यदि उदाहरण मुख्यमंत्री स्तर का कोई व्यक्ति प्रस्तुत करता है तो हैरानी भी होती है, और पीड़ा भी। कुछ ऐसा ही एक उदाहरण पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने प्रस्तुत किया है। 'सबका साथ, सबका विकास' हमारे प्रधानमंत्री जी का प्रिय नारा है। वे और उनकी पार्टी के अन्य नेता इस बात का दावा भी करते हैं कि भाजपा की सरकारें बिना किसी भेद-भाव के हर धर्म को मानने वाले के विकास की चिंता करती हैं। होना भी यही चाहिए। प्रधानमंत्री सिर्फ अपने दल का ही नेता नहीं होता, सारे देश का प्रधानमंत्री होता है वह। इसलिए, जब सबके साथ और सबके विकास की बात होती है तो उसका स्वागत ही होना चाहिए। पर पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता शुभेंदु खुलेआम यह कह रहे हैं कि इस नीति को बदला जाना चाहिए। हाल ही में उन्होंने यह कहा है कि 'अब' यह नीति नहीं चलेगी। उन्होंने घोषणा की है कि 'जो हमारे साथ हैं, हम उसके साथ हैं'। स्पष्ट है, वे अपने राजनीतिक विरोधियों की ही नहीं, गैर हिंदुओं की भी बात कर रहे हैं।

ज्ञातव्य है कि कुछ अर्सा बाद पश्चिम बंगाल में चुनाव होने वाले हैं। उसके कुछ बाद असम में चुनाव की बारी है। ऐसी स्थिति में इन दोनों राज्यों में धर्म के आधार पर भेदभाव की आशंकाएं मंडरा रही हैं। सवाल सिर्फ चुनाव में हार-जीत का नहीं है, सवाल उस बीमार सोच का है जिसके चलते देश की जनता को धर्म के आधार पर बांटा जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भले ही किसी भी सोच के अंतर्गत 'बटेंगे तो कटेंगे' की चेतावनी दी हो, पर यह चेतावनी सारे देश के लिए है हमने अपने संविधान में हर भारतीय को समता, न्याय और बंधुता के आधार पर समान अधिकार देने की व्यवस्था की थी। ऐसे में जब कोई शुभेंदु अधिकारी चुनावी सभा में श्रोताओं को इस आशय की धमकी देता है कि 'सड़क तब मिलेगी जब तुम धर्म बदलोगे', तो हैरानी भी होती है और गुस्सा भी आता है।

ऐसा ही गुस्सा कोटद्वार के दीपक को आया होगा जब उसने यह देखा कि 75 साल के एक मुसलमान व्यापारी को इसलिए परेशान किया जा रहा है कि उसकी दुकान के नाम में 'बाबा' जुड़ा हुआ है। तीस साल से चल रही है यह दुकान। तीस साल तक किसी को इस पर कोई आपत्ति नहीं हुई। तो, आज यह विवाद किसलिए? यह सवाल सिर्फ 'मोहम्मद दीपक' नाम वाले युवक का नहीं है। देश के हर विवेकशील नागरिक के मन में यह सवाल उठना चाहिए।

भारतीयता के आंगन में धर्म की दीवारें खड़ी करने वालों को यह बात क्यों समझ नहीं आ रही कि ऐसी हर दीवार आंगन को छोटा ही करती है। आज अपने आंगन को बांटना नहीं है, पूरे आंगन में धूप की ऊष्मा और रोशनी पहुंचाना हमारी आवश्यकता है। जिस साहस और समझदारी के साथ 'मोहम्मद दीपक कुमार' ने धर्म के नाम पर विद्वेष फैलाने वालों का सामना किया है, आज देश के हर युवा में उस साहस और समझदारी की आवश्यकता है। कोटद्वार में जो कुछ हुआ उसका एक हिस्सा यह भी है कि यह घटना इसी 26 जनवरी को, अर्थात्‌ जब सारा देश गणतंत्र दिवस मना रहा था, तब घटी थी। यह वह दिन है जब हमने धर्म-निरपेक्ष भारत के लिए एक संविधान को अंगीकृत किया था। हर 26 जनवरी को हम उस संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ लेते हैं। हमारे नेता समता और न्याय के पक्ष में खड़े होना क्यों ज़रूरी नहीं समझते? मोहम्मद दीपक ने यह बात समझी है। अब हर सच्चे भारतीय को यह बात समझनी है।

## स्वास्थ्य समाचार

# नसों को हेल्दी रखने के लिए खाएं यह ड्राई फ्रूट्स, मिलेगा फायदा

बढ़ती उम्र में नसों से जुड़ी समस्याएं बहुत आम हैं। उम्र के प्रभाव के कारण आपकी नसें कई परेशानियों का शिकार हो जाती है। इसकी वजह से आपके शरीर में ब्लड सर्कुलेशन भी प्रभावित होता है। नसों में खराबी आने पर आपके सम्पूर्ण स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। नसों से जुड़ी समस्याओं से बचने के लिए आपको हेल्दी और पौष्टिक डाइट की जरूरत होती है। अगर आप अपनी डाइट में ऐसे खाद्य पदार्थों को शामिल करते हैं जो नसों के लिए फायदेमंद होते हैं तो आपको इन बीमारियों या समस्याओं का खतरा नहीं रहता है। नसों से जुड़ी परेशानियों में और नसों को हेल्दी रखने के लिए ड्राई फ्रूट्स का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। ड्राई फ्रूट्स ओमेगा 3 फैटी एसिड, विटामिन, फाइबर, कार्ब्स और अन्य फायदेमंद पोषक तत्वों का भंडार होते हैं। नियमित रूप से ड्राई फ्रूट्स का सेवन करने से आपके शरीर को पर्याप्त पोषण मिलता है और शरीर को हेल्दी रखने मं भी मदद मिलती है। नसों को हेल्दी रखने के लिए भी ड्राई फ्रूट्स का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है।



### अखरोट

अखरोट का सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। बढ़ती उम्र के कारण नसों को सिकुड़ने और सुस्त पड़ने से बचाने के लिए अखरोट का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। अखरोट में मौजूद ओमेगा 3 फैटी एसिड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में भी बहुत उपयोगी माना जाता है। नियमित रूप से अखरोट का सेवन करने से आप नसों को परेशानियों से बचा सकते हैं।

### बादाम

बादाम में सेहत के लिए फायदेमंद विटामिन ई, ओमेगा 3 फैटी एसिड और कई अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं। बादाम का सेवन करने से आपकी नसें सुस्त नहीं होती हैं और शरीर में ब्लड सर्कुलेशन ठीक रखने में भी फायदा मिलता है।

### काजू

नसों को हेल्दी रखने और शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कंट्रोल करने के लिए काजू का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। काजू में मौजूद गुण हाई कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या में बहुत फायदेमंद होते हैं। इसका सेवन नसों को हेल्दी रखने के लिए बहुत फायदेमंद मां जाता है।

### अंजीर

अंजीर सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। अंजीर में विटामिन और मिनरल्स की पर्याप्त मात्रा होती है। इसका सेवन शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को ठीक रखने के में बहुत फायदेमंद होता है।

# इंसुलिन प्रतिरोध होने पर शरीर में नजर आते हैं यह लक्षण

हेल्दी डाइट और हेल्दी लाइफस्टाइल ही आपको बीमारियों से दूर रहने में मदद कर सकती हैं। कुछ समस्याएं अनहेल्दी डाइट के कारण ही पैदा होती हैं, जिनमें डायबिटीज की समस्या शामिल है। अगर आपमें इंसुलिन का बैलेंस बिगड़ जाता है, तो इससे आपको डायबिटीज हो सकती है। इस समस्या में शामिल है इंसुलिन प्रतिरोध की समस्या। इंसुलिन प्रतिरोध तब होता है, जब हमारे शरीर की कोशिकाएं इंसुलिन के प्रति सही प्रकार प्रतिक्रिया नहीं करती हैं। इसके कारण ग्लूकोज कोशिकाओं के बजाय खून में प्रवेश करने लगता है।



### कमर का साइज बढ़ना

ग्लूकोज शरीर में चर्बी बढ़ने या घटने पर भी असर डाल सकता है। शरीर में इंसुलिन प्रतिरोध होने पर आपका वेस्ट साइज यानी कमर का साइज बढ़ने लगेगा। ऐसे में जरूरी नहीं कि आप ओवरवेट की केटेगरी में आ रहे हो। अगर आपको वजन में अंतर नहीं दिख रहा है, लेकिन वेस्ट साइज में फर्क है, तो आपको जल्द से जल्द चेकअप कराना चाहिए।

### अक्सर थकावट महसूस करना

अगर आपको पर्याप्त आराम लेने के बावजूद भी दिनभर थकावट रहती है, तो यह इंसुलिन प्रतिरोध होने का लक्षण भी हो सकता है। ऐसे में आपको ज्यादातर समय सुस्ती और कमजोरी महसूस होती है।

### हाई ब्लड प्रेशर रहना

अगर आपको अक्सर हाई ब्लड प्रेशर की समस्या रहती है, तो यह इंसुलिन प्रतिरोध का कारण हो सकता है। ऐसे में हार्मोन में बदलाव आने पर खून में ग्लूकोज बढ़ने लगता है, जो हाई ब्लड प्रेशर रहने का कारण भी बन सकता है।

### पीसीओएस की समस्या होना

हार्मोन में बदलाव आने के कारण पीसीओएस की समस्या हो सकती है। इंसुलिन प्रतिरोध की समस्या पीसीओएस से भी जुड़ी हो सकती है। ऐसे में पीरियड्स अनियमित होना या चेहरे पर बाल आने जैसे लक्षण नजर आ सकते हैं।

### त्वचा में बदलाव आना

शरीर में इंसुलिन प्रतिरोध होने पर त्वचा में भी बदलाव नजर आता है। ऐसे में आपको गर्दन और बगल में डार्क स्पॉट्स नजर आने लगेंगे।

### अनहेल्दी लाइफस्टाइल

अगर आप जंक और प्रोस्टेट फूड ज्यादा खाते हैं और फिजिकल वर्कआउट बिल्कुल भी नहीं करते हैं, तो आपको इंसुलिन प्रतिरोध की समस्या हो सकती है।

### कार्बोहाइड्रेट ज्यादा लेना

अगर आप डाइट में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा ज्यादा लेते हैं, तो इसके कारण भी ग्लूकोज की मात्रा बढ़ सकती है, जो इंसुलिन प्रतिरोध का कारण हो सकता है।

### जेनेटिक होना

अगर आपके परिवार में से किसी को डायबिटीज है, तो आपको भी इंसुलिन प्रतिरोध होने का खतरा हो सकता है। ऐसे में लक्षण नजर आने पर चेकअप कराना जरूरी है।

# कमरख का जूस पीने से सेहत को मिलते हैं यह फायदे

स्वास्थ्य को संतुलित बनाए रखने के लिए हमेशा फल और फलों के जूस का सेवन करने की सलाह दी जाती है। लेकिन जब आप फलों के जूस की आती है तो ज्यादातर लोग आंवला, संतरा, मौसमी, सेब जैसे फलों का ही ऑप्शन चुनते हैं। कमरख के पोषक तत्वों की बात करें तो इसमें पर्याप्त मात्रा में विटामिन बी, फाइबर और कई तरह के मिनरल्स पाए जाते हैं। सर्दियों के मौसम में रोजाना 200 एमएल कमरख के जूस का सेवन किया जाए तो ये सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

**वजन घटाने में मददगार :** कमरख पर हुई कई रिसर्च में ये बात सामने आई है कि प्रतिदिन इसका सेवन करके वजन को तेजी से घटाया जा सकता है। रिसर्च में ये बात सामने आई है कि कमरख में कैलोरी बहुत ही कम मात्रा में पाई जाती है। साथ ही ये फाइबर का भी अच्छा सोर्स है। इसलिए, कमरख के जूस का सेवन करके वजन को कम किया जा सकता है।

**इम्यूनिटी को बनाता है मजबूत :** कमरख के जूस में औषधीय गुण पाए जाते हैं, इसलिए ये इम्यूनिटी को भी स्ट्रांग बनाने में मदद कर सकता है। दरअसल, कमरख में बीटा-कैरोटीन पाया जाता है। बीटा-कैरोटीन जब किसी व्यक्ति के शरीर में जाता है तो ये विटामिन-ए में तब्दील हो जाता है।



**कोलेस्ट्रॉल लेवल को करता है नियंत्रित :** शरीर में दो तरह का कोलेस्ट्रॉल पाया जाता है। पहला होता है गुड कोलेस्ट्रॉल और दूसरा बैड कोलेस्ट्रॉल। शरीर में अगर बैड कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ता है तो ये हार्ट प्रॉब्लम का कारण बन सकता है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित करने में कमरख का जूस काफी मदद कर सकता है।

**ब्लड प्रेशर को करता है कंट्रोल :** ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए भी कमरख का जूस काफी फायदेमंद माना जाता है। कमरख के जूस में पोटेशियम अच्छी मात्रा में पाया जाता है। जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है।

## आज का राशिफल

### मेष

धनार्जन सुगम होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी।

### वृष

अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है।

### मिथुन

लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है। शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें।

### कर्क

बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

### सिंह

नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है।

### कन्या

बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

### तुला

वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा।

### वृश्चिक

रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

### धनु

शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

### मकर

धन प्राप्ति सुगम होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

### कुंभ

कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी न करें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

### मीन

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

# विराट हिंदू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब



निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर में शिवाजी बस्ती के द्वारा विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया । दोपहर 2 बजे महावीर हनुमान अंजनी माता मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो महिला ने सिर पर कलश धारण किए । शोभायात्रा में भारत माता, रामदरबार छत्रपति शिवाजी, हनुमानजी की झांकिया मुख्य आकर्षण का केंद्र रही । डीजे की धुन पर श्री राम के जयकारों के साथ हिंदू सम्मेलन में पहुँची । कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधानपूर्वक भारत माता के पूजन के साथ किया गया। ढ़ाणी बास दुर्गा पूजा स्थल पर आयोजित हिंदू सम्मेलन में मंच पर संत सुरजीतनाथ महाराज, परमहंस हंसराज महाराज भरपालसर, बाल योगी नंदीनाथ महाराज एविश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अरविंद मिश्रा रतनगढ़ रहे । वक्ताओं ने राष्ट्रभक्ति, पर्यावरण संरक्षण और नारी शक्ति के सम्मान का सशक्त संदेश दिया गया वातावरण को भक्तिमय और राष्ट्रभाव से ओतप्रोत कर दिया। मंचस्थ संतों को भगवा शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। नेहा शर्मा के द्वारा सनातन के प्रति जागरूक सन्देश के माध्यम से उद्बोधन दिया । सुशील दाधीच के दाधीच कविता के माध्यम से सन्देश दिया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला मंत्री अरविंद मिश्रा का प्रेरणादायी उद्बोधन प्राप्त हुआ। उन्होंने हिंदू समाज की एकता, संगठन और समरसता पर बल देते हुए संघ के पंच परिवर्तन-सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्यों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर संत सुरजीतनाथ महाराज ने सनातनियों से जातियों में नहीं बंटकर एकजूट होने और सनातन धर्म की रक्षा करने का आवाहन किया। उन्होंनेण्कहा कि भारत भूमि पर जन्म लेना सौभाग्य की बात है।और हर भारतवासी को श्रेष्ठ नागरिक बनकर पूरे विश्व को श्रेष्ठ बनाना चाहिए। हंसराज महाराज ने कहा कि हिन्दू संस्कृति श्सर्वे भवंतु सुखिनरू के विचार के साथ पूरे विश्व के कल्याण की कामना करती है। भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए उन्होंने प्रत्येक नागरिक से सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वय का बोध और नागरिक शिष्टाचार जैसे पांच परिवर्तनों को अपने व्यवहार में लाने का आग्रह किया। इस अवसर पर धमाल का भी आयोजन किया गया जिसमें फाल्गुन गीतों पर लुप्त उठाया । इस अवसर पर पर्यावरण के क्षेत्र में इंद्रचंद देवड़ा, भजन लाल मीणा, मनोहर सैनी, चंदनमल देवड़ा, सामाजिक समरसता के क्षेत्र में वीरेंद्र लाटा, बिड़दी चंद घोड़ेला, गौ सेवा के क्षेत्र में सूरज मल लावट, मांगीलाल निरानिया, विनोद शर्मा, राधेश्याम पारीक, लोकरीति के क्षेत्र में शांति देवी, लिछमादेवी, किसना देवी, वीरांगना के क्षेत्र पेब कंवर, इंद्रा कंवर, रोजगार के क्षेत्र में पवन घोड़ेला, मनोज पारीक, परमानंद प्रजापत, विजय सिंह, विजय कुमार प्रजापत, रामेश्वर सैनी प्रतिभा के क्षेत्र में कथा वाचक मधु शर्मा, वर्षा घोड़ेला चित्रकार, योगिता प्रजापत, रिंकू सैनी, नेहा शर्मा, प्रीति, दशरथ जाट, रेखा प्रजापत, हरिराम बाबा मंदिर पुजारी लालचंद, संकट मोचन पुजारी मनोज पारीक, बाबा रामदेव मंदिर मुकेश सैनी, ठाकुर जी मंदिर महेंद्र शर्मा, अंजनी माता मन्दिर अंकित आदि का सम्मान किया गया । इस मौके पर धनराज सैन, श्रीकृष्ण स्वामी, कपिल देवड़ा, विक्रम सिंह चौहान, विक्रम सिंह शेखावत एडवोकेट कपिल पारीक, कमल प्रजापत, रामनारायण प्रजापत, गोपाल सोनी, सुभाष देवड़ा, विमल सुथार, कृष्ण शास्त्री, आसाराम प्रजापत, पोकरमल घोड़ेला सहित सैकड़ों की संख्या में सनातन प्रेमी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र लाटा ने किया।

## जती मंदिर परिसर में निर्मित कमरों का हुआ लोकार्पण



निसं

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** बजरंग लाल शर्मा व पूर्व पार्षद केवल राम यादव की स्मृति में वार्ड नं 21 स्थित जती मंदिर परिसर में उनके परिजनों द्वारा बनाए गए दो कमरों का लोकार्पण उनकी धर्मपत्नी सरोज देवी शर्मा, हस्ती देवी यादव व उनके पुत्रों द्वारा किया गया। इस दौरान पार्षद हवासिंह यादव, पार्षद गिन्नीदेवी गोयल, मुन्नी शर्मा, रामरती देवी, विमला देवी शर्मा, कविता शर्मा, सुमन शर्मा, कमला देवी यादव, कैलाश देवी, विनोद देवी, सुषमा यादव, राजेश्वरी देवी, गोमती देवी, राजबाला सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## समग्र शिक्षा अभियान के दो कनिष्ठ अभियंता रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की भरतपुर टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए समग्र शिक्षा कार्यालय एडीपीसी के दो कनिष्ठ अभियंताओं को 23 हजार 400 की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी इंजीनियर परिवादी से उसकी सुरक्षा जमा राशि एसडी को रिलीज करने के बदले 7.1 प्रतिशत कमीशन की मांग कर रहे थे। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। एसीबी महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि परिवादी ने भरतपुर टीम शिकायत दी थी कि उसने विभाग में जो निर्माण कार्य किए थे। उनकी सुरक्षा जमा राशि वापस मिलनी थी। इस राशि को रिलीज करने की एवज में कार्यालय एडीपीसी समग्र शिक्षा भरतपुर मुख्यालय कनिष्ठ अभियंता धीरेन्द्र श्रीवास्तव और कुम्हेर ब्लॉक के संविदा कनिष्ठ अभियंता राकेश कुमार गुप्ता कुल राशि का 7.1 प्रतिशत के हिसाब से 23 हजार 400 रुपये की रिश्वत मांग रहे है। शिकायत के सत्यापन के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी भरतपुर अमित सिंह के नेतृत्व में टीम ने शुक्रवार को ट्रेप की योजना बनाई। जैसे ही परिवादी ने रिश्वत के 23 हजार 400 रुपये आरोपियों को दी। वैसे ही एसीबी की टीम ने दबिश देकर दोनों को मौके पर ही दबोच लिया।

## साइबर अलर्ट : कैप्चा सॉल्विंग के नाम पर ठगों का नया जाल

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** घर बैठे आसान कमाई का सपना देखने वालों के लिए एक खतरनाक जाल बिछाया जा रहा है। महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम के निर्देशन में साइबर क्राइम थ्रेट एनालिटिक्स यूनिट ने एक ऐसे ट्रेंड का खुलासा किया है, जो कैप्चा सॉल्विंग के नाम पर मासूम लोगों की मेहनत की कमाई डकार रहा है। पुलिस उपमहानिरीक्षक साइबर क्राइम विकास शर्मा ने बताया कि ठगों की कार्यप्रणाली बेहद शातिर है। ये जालसाज फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म्स पर लुभावने विज्ञापन चलाते हैं। विज्ञापन में दावा किया जाता है कि आपको केवल स्क्रीन पर दिखने वाले कैप्चा कोड टाइप करने हैं और बदले में आप हर महीने हजारों रुपये कमा सकते हैं। न्यूनतम प्रयास और अधिकतम लाभ का लालच बेरोजगार युवाओं और गृहणियों को आसानी से अपनी ओर खींच लेता है। जैसे ही कोई व्यक्ति इनके झांसे में आता है, उसे एक फर्जी जॉब एग्रीमेंट दिखाया जाता है ताकि सब कुछ असली लगे। इसके बाद शुरू होता है वसूली का खेल। कभी सॉफ्टवेयर चार्ज, कभी ट्रेनिंग फीस तो कभी सिक्योरिटी डिपॉजिट के नाम पर पीड़ित से हजारों रुपये जमा करवा लिए जाते हैं। विश्वसनीयता बनाने के लिए ठग बाकायदा फर्जी आईडी और फर्जी दफ्तर के पते भी साझा करते हैं। पैसे लेने के बाद पीड़ित को एक पोर्टल का एक्सेस दिया जाता है। यहाँ उन्हें बेहद कम समय में हजारों कैप्चा भरने का टास्क दिया जाता है। जब पीड़ित भुगतान मांगता है, तो ठग उसकी मेहनत में गलतियां निकाल देते हैं। अंत में कमाई निकालने के लिए फिर से प्रोसेसिंग शुल्क या टैक्स के नाम पर और पैसों की मांग की जाती है। पैसे मिलते ही ठग अपना फोन बंद कर गायब हो जाते हैं। राजस्थान साइबर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि कोई भी प्रतिष्ठित कंपनी काम देने के लिए पैसे नहीं मांगती। यदि काम बहुत सरल है और पैसा जरूरत से ज्यादा मिल रहा है, तो वह शत-प्रतिशत फ्रॉड है। किसी भी प्लेटफॉर्म पर जुड़ने से पहले उसकी ऑनलाइन रेटिंग और फोरम पर चर्चा जरूर पढ़ें।

## कई गांवों में दो दिन विद्युत सप्लाई रहेगी बाधित

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** ओवरब्रिज निर्माण कार्य के कारण 7-8 फरवरी को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जोधपुर डिस्कॉम के ग्रामीण सहायक अभियंता मुकेश कुमार देवड़ा ने बताया कि सुजानगढ़ से निकलने वाले 33 केवी छापर फीडर की विद्युत सप्लाई ओवरब्रिज निर्माण कार्य के कारण 7 फरवरी को साढ़े 8 से साढ़े 9 बजे तक सुबहए 8 फरवरी को साढ़े 8 से 10 बजे तक सुबह विद्युत आपूर्ति बंद रखी जाएगी। इसके चलते सब स्टेशन गोपालपुरा, गनोड़ा, गुलेरिया, छापर और रणधीसर से निकलने वाले समस्त फीडरों के ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

# शहीदों की स्मृतियां पीढ़ियों को देशभक्ति का संदेश देती रहेगी : शर्मा

निसं



**नवलगढ़ (नवयत्न)।** ग्राम पंचायत में अमर शहीद तनसुखराम लुणायच की मूर्ति स्थापना की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर श्रद्धांजलि एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ राजकुमार शर्मा पूर्व चिकित्सा मंत्री रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष देवी प्रशासक कैरू ने की तथा विशिष्ट अतिथि संजू देवी वार्ड पंच एवं कैप्टन रामलाल साखनिया व सूबेदार मामचंद कोलसिया रहे। मुख्य अतिथि डॉ राजकुमार शर्मा ने शहीद की वीरांगना सोनी देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा शहीद तनसुखराम लुणायच जैसे वीर सपूतों के बलिदान से ही देश सुरक्षित है, उन्होंने 23 नवम्बर 1965 को राष्ट्र की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर किए। ऐसे शहीदों की स्मृतियां आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति, त्याग और कर्तव्य का संदेश देती रहेंगी। उन्होंने युवाओं से शहीदों के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान शहीद तनसुखराम लुणायच की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का आयोजन अमर सिंह लुणायच एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर भगीरथ लुणायच, सुरेन्द्र लुणायच, प्रकाश लुणायच, सुरेश लुणायच, बलबीर महला, महेश लुणायच, उपेंद्र शर्मा, हरिसिंह रायल, महेश शर्मा, विजय प्रकाश, रामचंद्र डांगी, गुगनराम कानसुजिया, ओमप्रकाश कानसुजिया पूर्व सरपंच, रवि कानसुजिया, हरफूल मील, दयाराम भास्कर, राजेंद्र भास्कर, मान सिंह केरू, सुरेंद्र, श्रवण, बलवंत, महेश खेदड़, रामोतार गढ़वाल, सुधीर, विक्रम, दीपक, राजेंद्र, राकेश, प्रताप लुणायच सहित गांव कैरू के अनेक प्रबुद्धजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सिलिकोसिस स्क्रीनिंग शिविर आयोजित



निसं

**नीमकाथाना (नवयत्न)।** चिकित्सा विभाग की ओर से शुक्रवार को नीमकाथाना क्षेत्र के गांव लाखा की नांगल में शिविर का आयोजन किया गया। खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेंद्रसिंह शेखावत ने बताया कि शिविर में क्रेशर जोन में कार्यरत खनिज श्रमिकों की सिलिकोसिस की स्क्रीनिंग की गई और इस रोग के बारे में श्रमिकों को जागरूक किया गया। शिविर में 110 श्रमिकों की स्क्रीनिंग की गई और एक्स-रे किया गया। शिविर में कोटडा पीएचसी डॉ उपासना सर्वा, लेब सहायक नगेन्द्र जाखड़, खनन विभाग के हरपाल सिंह, सहायक रेडियोग्राफर हेमंत कुमार शर्मा, लैब टैक्नीशियन राकेश बोरान, सहायक रेडियोग्राफर रणजीत, बीपीओ सुरेन्द्र शर्मा आदि ने सेवाएं दी।

## श्रीराधा कृष्ण मंदिर की मूर्तियों का हुआ नगर भ्रमण



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय दुलिया बास स्थित बृज धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर की मूर्तियों का नगर भ्रमण धूमधाम से किया गया। गुलर धाम के श्रीमहंत स्वामी कानपुरी महाराज व बीड़दादास सांगलिया आश्रम के महंत स्वामी केशव दास महाराज के सानिध्य में निकाले गए मूर्ति भ्रमण जुलूस का शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। मूर्तियों के नगर भ्रमण जुलूस में ऊंट, घोड़े रथ, डीजे, झांकियां, पुष्पवर्षा व आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रहा। किशोरदास स्वामी ने बताया कि नगर भ्रमण व विभिन्न वैदिक अनुष्ठान के बाद शनिवार को श्रीराधा कृष्ण, शिव परिवार व हनुमानजी महाराज की मूर्तियों की स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा, महाआरती व महाप्रसादी का आयोजन होगा। ब्रज धाम मंदिर से मौजी दासजी धुणा, परशुराम भवन, नया बाजार, शास्त्री प्याऊ, रेगर बस्ती, वाल्मीकि बस्ती, खटीक बस्ती, स्वामी चौक से होते हुए निकाले गए विशाल जुलूस में भोलदास स्वामी, गिरधारी लाल स्वामी, भागीरथ प्रजापत, रणजीत सिंह राठौड़, पार्षद बाबूलाल मेघवाल, भैरदास स्वामी, रूपचंद स्वामी, धनेश स्वामी, रामचंद्र स्वामी, सांवरमल स्वामी, जगदीश प्रजापत, सुरेंद्र प्रजापत, सुखदेव प्रजापत, रामूराम प्रजापत, निरंजन स्वामी, ओमदास स्वामी, बेगराज बिजारणियां, हंसराज प्रजापत, सुरेश ठेकेदार, रामगोपाल शर्मा, भंवरलाल सरस्वा, रामोतार स्वामी, ओम प्रकाश स्वामी, कालूराम स्वामी सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हुए।

## जेके टायर का तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 3.7 गुणा बढ़ कर 209 करोड़ का हुआ

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 31 दिसंबर 2025 को समाप्त हुई तीसरी तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड कंसोलिडेटेड फाइनेंशियल नतीजों की घोषणा की। जो मजबूत, और बेहतर प्रदर्शन वाली साबित हुई। नतीजों पर कमेंट करते हुए चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर सीएमडी डॉ. रघुपति सिंघानिया ने कहा कि जीएसटी से जुड़े सुधारों, त्योहारों के मौसम की रफ्तार और गांवों में सकारात्मक माहौल एवं अच्छी ऑटोमोबाइल डिमांड की वजह से जेके टायर ने तीसरी तिमाही में ज़बरदस्त परफॉर्मेंस दी। ओईएम और रिप्लेसमेंट दोनों सेगमेंट में मजबूत ट्रैक्शन एक बार फिर जेके टायर ब्रांड पर ग्राहकों के पक्के भरोसे को दिखाता है। घरेलू बिजनेस ने वर्ष दर वर्ष बेसिस पर 16 प्रतिशत की अच्छी डबल-डिजिट ग्रोथ दर्ज कीए जो रिप्लेसमेंट सेगमेंट में 12 प्रतिशत ग्रोथ और ओईएम सेगमेंट में 27 प्रतिशत की मजबूत ग्रोथ की वजह से हुई। जियोपॉलिटिकल अनिश्चितताओं के बावजूद एक्सपोर्ट ने मजबूती दिखाई। तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड एबिडिटा 583 करोड़ रुपये रहाए जिसने 13.8 प्रतिशत एबिडिटा मार्जिन में योगदान दियाए जो साल-दर-साल 470 बेसिस पॉइंट्स की तेज बढ़ोतरी दिखाता है। यह ग्रोथ जेके टायर के प्रोडक्ट प्रीमियमाइजेशन, ऑपरेटिंग लेवरेज और बेहतरीन काम पर लगातार फोकस करने की वजह से हुई। कच्चे माल की कीमतों ने भी अच्छा योगदान दिया कर पश्चात लाभ पीएटी पिछले साल की तीसरी तिमाही के 57 करोड़ रुपये के मुकाबले 3.7 गुना बढ़कर 209 करोड़ रुपये हो गया।

# विदेश में मृत भारतीय कामगारों को समय पर और पूर्ण मुआवजा मिले : ओला

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू (नवयत्न)।** सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने लोकसभा में अतारांकित प्रश्न के माध्यम से शेखावाटी सहित राजस्थान के उन भारतीय नागरिकों का मुद्दा उठाया, जिनकी विदेशों में कार्य के दौरान दुर्घटनाओं में मृत्यु हुई है। सांसद ने कहा कि विदेशों में मृत भारतीय कामगारों के परिवारों को या तो बहुत कम मुआवजा मिला है या फिर मुआवजे से संबंधित फाइलें महीनों-सालों से लंबित हैं। एलएचसी, पीओए पुलिस रिपोर्ट जैसे दस्तावेजों के नाम पर अनावश्यक देरी की जा रही है। सांसद ने कहा कि मृतक के कार्य और आय के आधार पर कई परिवारों को मिला मुआवजा जीविका और बच्चों के भविष्य के लिए अपर्याप्त है। अनेक मामलों में नियोक्ता और बीमा कंपनियाँ सहयोग नहीं कर रही हैं, इसलिए सरकारी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई सामने आनी चाहिए जिसका अभाव है। सांसद ने यह भी कहा कि प्रश्न के उत्तर में शेखावाटी सहित राजस्थान के विदेशों में फंसे भारतीय नागरिकों की देश-वार संख्या तथा लंबित मामलों की जानकारी भी उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिससे प्रभावित परिवारों को वास्तविक स्थिति की जानकारी नहीं मिल पा रही है। सांसद ने कहा कि विदेशों में मृत भारतीय नागरिकों के लिए न्यूनतम मुआवजा राशि तय की जाए, प्रत्येक मामले का निर्धारित समयसीमा में निपटान सुनिश्चित किया जाए अथवा देरी की स्थिति में तत्काल सरकारी अंतरिम राहत प्रदान की जाए।

## विधायक मनोज मेघवाल के गार्ड ने दिया स्पष्टीकरण

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** विधायक मनोज मेघवाल के गार्ड के रूप में कार्यरत कांस्टेबल बुधराम का कोर्ट कचहरी पर विवादित टिप्पणी का विडियो वायरल होने की खबर आने के बाद उन्होंने अपना विडियो शोसल मीडिया हैंडल्स से डिलीट कर लिया। बुधराम ने फोन करके बताया कि मैंने ये गाना गाकर लगाया था, जो किसी ओर का पहले से ही गाया हुआ है। लेकिन मेरा न्यायालय का अपमान करने का उद्देश्य नहीं था। उन्होंने कहा कि अगर किसी को ठेस पहुंची है, तो मैं खेद प्रकट करता हूं। आपको बता दें कि विधायक मनोज मेघवाल के गार्ड बुधराम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वो कोर्ट कचहरी हिलने की बातें कहते हुए नजर आ रहे थे।

## जयपुर आर्किटेक्चर फेस्टिवल का उद्घाटन

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** इंडिया स्टोन मार्ट 2026 के दूसरे दिन जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर जेईसीसी, सीतापुरा में जयपुर आर्किटेक्चर फेस्टिवल 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान का पत्थर और स्थापत्य पूरी दुनिया में प्रदेश की पहचान बन चुका है। चाहे अयोध्या का राम मंदिर हो, अक्षरधाम हो या देश-विदेश की ऐतिहासिक इमारतें और प्रतिष्ठित होटल-इनमें प्रयुक्त पत्थर प्रायः राजस्थान का ही होता है, जो राज्य के लिए गौरव की बात है। मुग्धा कन्वेंशन हॉल में दीप प्रज्वलन के साथ समारोह की शुरुआत हुई।

इस अवसर पर देश-विदेश के ख्यातनाम आर्किटेक्ट्स, नीति-निर्माता, उद्योग प्रतिनिधि और संस्थागत संगठनों से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि इतने प्रतिष्ठित आर्किटेक्ट्स को एक मंच पर सम्मानित करना गर्व का विषय है। उन्होंने लघु उद्योग भारती का आभार जताते हुए कहा कि शिल्पग्राम जैसे मंच छोटे कारीगरों, हस्तशिल्पियों, छात्रों और युवाओं के लिए सीखने और आगे बढ़ने का बड़ा अवसर प्रदान करते हैं। इससे निर्यातकों को भी नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री के श्विकास भी और विरासत भी मंत्र का उल्लेख करते हुए पारंपरिक स्थापत्य और आधुनिक आर्किटेक्चर के समन्वय पर जोर दिया तथा भविष्य में इस आयोजन को और लंबी अवधि तक आयोजित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि जयपुर विश्व की पहली प्लांड सिटी है और वास्तुकला में इसका विशेष स्थान है। राजस्थान के हैंडीक्राफ्ट, हस्तशिल्प और मार्बल इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के लिए यह फेस्टिवल बड़ा मंच है। समारोह में मंचासीन अतिथियों में लघु उद्योग भारती की राष्ट्रीय सचिव अंजू सिंह, सीडॉस के सीईओ मुकुल रस्तोगी, उपाध्यक्ष दीपक अजमेरा, आर्किटेक्ट वू जियांग, आर्किटेक्ट तुषार सोगानी और आर्किटेक्ट विलास वसंत शामिल रहे। विधायक हमीर सिंह भायल सहित अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर 12वें ऑल इंडिया स्टोन आर्किटेक्चर अवॉर्ड्स 2025 के विजेताओं को सम्मानित किया गया। चार श्रेणियों में चयनित आर्किटेक्ट्स को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। समारोह के अंत में सीडॉस के चेयरमैन दीपक अजमेरा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# देवरोड खेल स्टेडियम में दो खिलाड़ियों का सम्मान

निसं



**चिड़ावा (नवयत्न)।** गांव देवरोड़ के खेल स्टेडियम में दो प्रतिभावान खिलाड़ियों का सम्मान किया गया।

प्रशिक्षक जयसिंह धनखड़ ने बताया कि वनम शर्मा पुत्र महेश शर्मा पिलानी ने पूर्व में जयसिंह धनखड़ से प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा राष्ट्रीय स्तर पर एथेलेटिक्स में कई पदक जीते। जिनका चयन बोस्टन यूनिवर्सिटी अमेरिका में सहायक प्रोफेसर एवं एडवांस प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए हुआ। वनम शर्मा को 6 साल के लिए ओ-वन वीसा मिला है जिसका खर्चा अमेरिका की बोस्टन यूनिवर्सिटी वहन करेंगी।

एक अन्य खिलाड़ी हरीश गजराज पुत्र सुरेंद्र पालोता ने 96वीं रैंक हासिल कर सीआईएसएफ में चयन लिया। दोनों एक वर्ष से देवरोड में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर दोनों खिलाड़ियों का देवरोड खेल स्टेडियम में प्रशिक्षक जयसिंह धनखड़ एवं खिलाड़ियों द्वारा माला पहनाकर और मिठाई बांट कर सम्मान किया गया।

# अंग्रेजों को धूल चटाकर 19 वर्ल्ड चैंपियन बनी टीम इंडिया

## सूर्यवंशी का जलवा बरकरार

अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में भारतीय टीम ने इंग्लैंड को हराकर छठा खिताब जीत लिया है। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए वैभव सूर्यवंशी की ऐतिहासिक 175 रनों की पारी की बदौलत 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 411 रन बनाए। 412 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम 311 रन ही बना सकी और 100 रन से मुकाबला हार गई।

**दूसरी बार फाइनल में हारी इंग्लैंड**-अंडर 19 वर्ल्डकप के खिताबी मुकाबले में इंग्लैंड की यह दूसरी हार है, जबकि भारतीय टीम का यह 11वां फाइनल था और उसने छठी बार ट्रॉफी अपने नाम की। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम इंडिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और आरोन जॉर्ज सिर्फ 9 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे ने पहले संभलकर बल्लेबाजी की और फिर अंग्रेज गेंदबाजों की धज्जियां उड़ानी शुरू कर दीं। आयुष म्हात्रे 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए, जब उनका स्कोर 53 रन था। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी ने शतक जड़ा। तब तक भारतीय टीम 26 ओवर में ही 250 रन के पार पहुंच चुकी थी। यहां से साफ लगने लगा था कि भारतीय टीम आसानी से 400 रन के स्कोर को पार कर लेगी, और ऐसा ही हुआ।

### वर्ल्डकप फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर

वेदांत त्रिवेदी, विहान मल्होत्रा, अभिज्ञान कुंडू और कनिष्क चौहान की अहम पारियों की बदौलत भारतीय टीम 50 ओवर में 411 रन के विशाल स्कोर तक पहुंच गई। यह वर्ल्ड कप इतिहास के फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर है। इसी मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने 175 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली, जो फाइनल में सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी भी है। उन्होंने अपनी पारी में 15 चौके और 15 छक्के लगाए, जहां उन्होंने 218 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की।






## वैभव का अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में हाईएस्ट स्कोर

### एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाए; 55 बॉल पर सेकंड फास्टेस्ट सेंचुरी भी लगाई

14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में रिकॉर्ड की झड़ी लगा दी है। जिम्बाब्वे के हरारे क्रिकेट ग्राउंड में इंग्लैंड के खिलाफ खिताबी मुकाबले में भारतीय ओपनर ने 80 गेंदों पर 175 रन की पारी खेली। उन्होंने 15 चौके और 15 छक्के जमाए। वैभव की बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने 50 ओवर में 411 रन बनाए। स्टोरी में जानते हैं कि वैभव ने कौन-कौन से रिकॉर्ड ध्वस्त किए।

#### फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर

वैभव अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वैभव ने इंग्लैंड के खिलाफ 175 रन की पारी खेली। इससे पहले यह रिकॉर्ड भारत के ही उन्मुक्त चंद के नाम था, जिन्होंने 2012 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 111 रन बनाए थे। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के ब्रेट विलियम्स हैं। उन्होंने 1988 में पाकिस्तान के खिलाफ 108 रन बनाए थे।

#### एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के

वैभव अंडर-19 वर्ल्ड कप की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने पारी में 15 छक्के लगाए। इससे पहले यह रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के माइकल हिल के नाम था, जिन्होंने 2008 में नामीबिया के खिलाफ 12 छक्के लगाए थे, जबकि क्रेग सिमंस ने 2002 में केन्या के खिलाफ 11 छक्के लगाए थे।

#### दूसरा सबसे तेज शतक

वैभव अंडर-19 वर्ल्ड कप में सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे बैटर बने। उन्होंने 55 बॉल पर सेंचुरी लगाई। ऑस्ट्रेलिया के विल मलाइजचुक इस लिस्ट में टॉप पर हैं। उन्होंने इसी वर्ल्ड कप में जापान के खिलाफ महज 51 गेंदों में शतक ठोक दिया था।

#### भारत ने अंडर-19 वर्ल्ड का सबसे बड़ा स्कोर बनाया

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में 411 रन बनाए। यह अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर है। पिछला रिकॉर्ड 253 रन का था, जोकि ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ 2024 में बनाया था।

#### अंडर-19 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा छक्के

अंडर-19 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड अब वैभव सूर्यवंशी के नाम दर्ज हो गया है। वैभव ने इस वर्ल्ड कप में 30 छक्के जड़े हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड डेवाल्ड ब्रेविस के नाम था, जिन्होंने 2022 अंडर-19 वर्ल्ड कप में 18 छक्के लगाए थे।




### अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत कब-कब चैंपियन बना

| साल | Vs | किसकी कप्तानी में |
|---|---|---|
| 2000 | श्रीलंका | मोहम्मद कैफ |
| 2008 | साउथ अफ्रीका | विराट कोहली |
| 2012 | ऑस्ट्रेलिया | उन्मुक्त चंद |
| 2018 | ऑस्ट्रेलिया | पृथ्वी शॉ |
| 2022 | इंग्लैंड | यश धुल |



## बेंगलुरु ने दूसरी बार विमेंस प्रीमियर लीग जीता

### दिल्ली लगातार चौथा फाइनल हारी, मंधाना ने 87, जॉर्जिया ने 79 रन बनाए

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दूसरी बार विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) जीत लिया है। टीम ने गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हराया। बेंगलुरु 2024 में पहली बार चैंपियन बनी थी। जबकि दिल्ली लगातार चौथा फाइनल हारी है। वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में बेंगलुरु ने 2 गेंद रहते ही 204 रन का टारगेट चेज कर लिया। यह डब्ल्यूपीएल फाइनल का का सबसे बड़ा रन चेज है। कप्तान स्मृति मंधाना ने 87 रन की पारी खेली। जबकि जॉर्जिया वोल ने 79 रन बनाए। दोनों ने 92 बॉल पर 165 रन की साझेदारी की। आखिरी ओवर में 10 रन चाहिए थे। राधा यादव और नदीन डी क्लर्क ने शुरुआती दो गेंद पर 2 सिंगल लिए। राधा ने तीसरी गेंद पर चौका लगाया। चौथी गेंद उन्होंने कवर्स की दिशा में खेली, लेकिन उनका बैट स्टंप से टकरा गया। गेंद बाउंड्री के बाहर चली गई, लेकिन गिल्लियां नहीं गिरीं। इस तरह आरसीबी ने दूसरा टाइटल जीत लिया। दिल्ली के काम न आई रॉड्रिग्ज की फिफ्टी दिल्ली से कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्ज ने 37 बॉल पर 57 रन बनाए। उनकी पारी में 8 चौके शामिल रहे। उनके अलावा, लौरा वोल्वार्ट 44 और शिनेल हेनरी 35 रन बनाकर नाबाद रहीं। लिजेल ली ने 37 और शेफाली वर्मा ने 20 रन बनाए। इन पारियों के दम पर दिल्ली ने डब्ल्यूपीएल फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया, लेकिन टीम जीत नहीं हासिल कर सकी। टूर्नामेंट जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 करोड़ रुपए का इनाम मिला। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स को 3 करोड़ रुपए से संतोष करना पड़ा। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहीं सोफी डिवाइन को 5 लाख रुपए मिले।

## क्रिकेटर रिंकू सिंह का फेसबुक अकाउंट हैक

### हैकर्स ने आईडी बदली, मोनेटाइजेशन से आने वाले पैसे भी हड़पे; अलीगढ़ में एफआईआर

क्रिकेटर रिंकू सिंह की फेसबुक आईडी हैक हो गई। साइबर ठगों ने रिंकू के फेसबुक की ईमेल आईडी बदलकर उससे होने वाली कमाई अपने खाते में ट्रांसफर कर ली। रिंकू के भाई सोनू की शिकायत के बाद मामले में साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज किया गया। सोनू ने शिकायत में कहा है कि रिंकू के फेसबुक पर 16 लाख फॉलोअर्स हैं। वे काफी समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच और टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों में व्यस्त थे। इस वजह से सोशल मीडिया अकाउंट पर ध्यान नहीं दे पा रहे थे।

सोनू ने बताया कि रिंकू ने 4 फरवरी को मुंबई से अपना फेसबुक एकाउंट लॉग इन किया। काफी कोशिशों के बाद भी आईडी नहीं खुली। पासवर्ड गलत बताता रहा। बाद में पता चला कि उनकी ईमेल आईडी ही बदल गई है। उनका फेसबुक से लॉग-इन था, लेकिन अब अकाउंट दूसरी मेल आईडी से से लॉग-इन दिखा रहा है।

उन्होंने बताया कि रिंकू ने देखा कि काफी दिन से लॉग इन नहीं करने के बावजूद भी उनकी आईडी से फोटो-वीडियो अपलोड हो रहे थे। रिंकू का अकाउंट मोनेटाइज है, जिससे अच्छी खासी इनकम होती है। वह भी हैकर्स के ही अकाउंट में ट्रांसफर हो रही है।

रिंकू से सूचना मिलने पर एसएसपी को जानकारी दी। साइबर क्राइम थाने के इंस्पेक्टर रामेंद्र शुक्ला ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

## बेन स्टोक्स को चेहरे पर गेंद लगी : दाई आंख सूजी, नाक भी चोटिल; सोशल मीडिया पर डरावनी फोटो शेयर की

इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान और दिग्गज ऑलराउंडर बेन स्टोक्स एक भयानक हादसे का शिकार हो गए हैं। मैदान पर ट्रेनिंग के दौरान एक तेज रफ्तार गेंद उनके चेहरे पर जा लगी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। स्टोक्स ने सोशल मीडिया पर अपनी एक डरावनी तस्वीर शेयर की, जिसमें उनका चेहरा पहचान पाना भी मुश्किल हो रहा है। सोशल मीडिया पर शेयर की डरावनी फोटो स्टोक्स ने इंस्टाग्राम पर अपनी जो तस्वीर शेयर की है, उसमें उनकी दाईं आंख पूरी तरह सूजी हुई और काली पड़ चुकी है। उनके गाल और होंठों पर खरोंच के गहरे निशान हैं और नाक से खून बहने के कारण पट्टी (बैंडेज) लगी हुई है। हालांकि, इतनी गंभीर चोट के बावजूद स्टोक्स का मजाकिया अंदाज बरकरार है। उन्होंने फोटो के कैप्शन में लिखा, 'आपको क्रिकेट की गेंद की हालत देखनी चाहिए (यानी गेंद की हालत मुझसे भी बुरी होगी)।'

## हेजलवुड चोट के कारण टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर


### ऑस्ट्रेलिया ने रिप्लेसमेंट का ऐलान नहीं किया, 11 फरवरी को पहला मैच खेलेगी टीम

आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोट के कारण टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। वे हमस्ट्रिंग इंजरी से अब तक पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इसकी पुष्टि करते हुए स्पष्ट किया है कि हेजलवुड की जगह फिलहाल टीम में किसी भी खिलाड़ी को शामिल नहीं किया जाएगा।


टूर्नामेंट की शुरुआत 7 फरवरी से होगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम अपना पहला मुकाबला 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ आर प्रेमादासा क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगी।

ऑस्ट्रेलियाई सिलेक्टर टोनी डोडेमाइड ने कहा,हमें उम्मीद थी कि जोश सुपर-8 स्टेज तक मैच फिट हो जाएंगे, लेकिन उनकी वापसी में अभी और समय लगेगा। उनकी रिकवरी प्रोसेस को तेज करना बहुत बड़ा जोखिम होगा। ऑस्ट्रेलिया का स्क्वॉड मिचेल मार्श (कप्तान), ट्रैविस हेड, मार्कस स्टोयनिश, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन, मैथ्यू रैनशॉ, कूपर कॉनोली, टिम डेविड, जोश इंग्लिस, बेन ड्वारशुइस, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मैथ्यू कुह्नेमन और एडम जम्पा।

11 फरवरी को पहला मैच खेलेगी टीम ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में शामिल है, जहां उसके साथ श्रीलंका, जिम्बाब्वे, ओमान और आयरलैंड की टीमें हैं। टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई टीम का पहला मुकाबला 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ आर प्रेमादासा क्रिकेट स्टेडियम में है। अपने ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया सबसे मजबूत टीम है, लेकिन उसे श्रीलंका और आयरलैंड से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया का श्रीलंका के साथ 16 फरवरी को मुकाबला होगा। टीम अपना आखिरी लीग मैच 20 फरवरी को ओमान के खिलाफ खेलेगी। उससे पहले उसे 13 फरवरी को जिम्बाब्वे से भी भिड़ना है। 3 प्लेयर्स वर्ल्ड कप डेब्यू करेंगे स्पिनर मैथ्यू कुह्नेमन, ऑलराउंडर कूपर कोनोली और तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप टीम में मौका मिला है। कूपर कोनोली का चयन चौंकाने वाला रहा, क्योंकि उन्होंने पिछले 12 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में हिस्सा नहीं लिया था। टिम डेविड और ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोयनिस अपनी जगह बचाने में कामयाब रहे हैं। ग्लेन मैक्सवेल और कैमरन ग्रीन जैसे अनुभवी ऑलराउंडर शामिल हैं। गेंदबाजी की जिम्मेदारी जोश हेजलवुड, जेवियर बार्टलेट और बेन ड्वारिशिस जैसे गेंदबाजों पर है। एडम जम्पा और नाथन एलिस भी बॉलिंग लाइनअप का हिस्सा हैं।



# मैं कर सकता हूँ




नवयत्न।



**ठानी है गर आसमान छूने की, तो मुश्किलें भी आएगी लड़ते-लड़ते तूफानों से एक दिन सफलता शोर मचाएगी।**

आगामी आने वाली बोर्ड परीक्षा की समस्त विद्यार्थियों को अग्रिम शुभकामनाएं। विजयी भव। माना की धैर्य, तल्लीनता व पूरी निष्ठा के साथ हमने पूरे वर्ष परीक्षा की बेहतरीन तैयारी कर ली किंतु जैसे ही परीक्षा पास आती है बच्चों की धड़कनें बढ़ जाती है। ऐसा लगता है कि कुछ पढ़ा ही नहीं ऐसा सबके साथ होता है बच्चों इसमें घबराना नहीं है। बस अपने आप पर विश्वास रखते हुए धीरे-धीरे पुनः दोहरान करते रहना है।

**गर विश्वास है खुद पर तो तू डर मत**
**रख हौसला कर हिम्मत, बस आगे बढ़ आगे बढ़।**

परीक्षा से कुछ दिनों पहले ही हमें अपने आप को इतना सुदृढ़ करना है कि हमारा मन तनिक भी विचलित ना हो और जो लक्ष्य तय करने के लिए हमने इतनी मेहनत की है उसका शत-प्रतिशत परिणाम आए। एक बात हमेशा ध्यान रखना परीक्षा उन्हीं की होती है जो उसके लायक होता है। इन महत्वपूर्ण दिनों में बच्चों आपको इन तीन बातों पर अवश्य ध्यान देना होगा।

**1 जो पढ़ा है उसे पर मनन व पुनः दोहरान।**
**2 नई पुस्तक, गाइड्स इन से दूरी बनाएं।**
**3 सकारात्मक सोच के साथ आत्मविश्वास बनाए रखें।**

हम सबको आप सभी पर विश्वास है यू केन डू इट बस सपनों की पहली सीढ़ी को धैर्य व आत्मविश्वास से पर करें। बस इतना ध्यान रखें पढ़ाई का कोई शॉर्टकट नहीं होता वह मेहनत से होकर सफलता तक पहुँचती है क्योंकि आपकी आज की मेहनत आपको सफलता तक ले जाएगी।

### परीक्षा में ध्यान देने योग्य बातें

1 एनसीईआरटी पुस्तक के बाहर कुछ नहीं आएगा इसे अच्छे से पढ़े।
2 गत वर्ष के प्रश्न पत्र को हल करें।
3 पर्याप्त मात्रा में नींद ले।
4 हल्का सुपाच्य भोजन ले।
5 सबसे बड़ी बात आपसे अच्छा कोई नहीं आप कर सकते हो इस बात का हमेशा ध्यान रखें।
6 प्रश्न पत्र खोलते ही शुरू के प्रश्न कठिन हो तो घबराएं नहीं एक पलके के मुंद धैर्य के साथ पूरा पेपर पढ़े आगे सरल प्रश्न कठिन प्रश्न का मार्ग खुद-ब-खुद बना देते हैं।
7 यह लाइन कभी ना भूले मैं कर सकता हूं।

परीक्षा हमारे जीवन का एक अहम् हिस्सा है जो हमारी कामियों को दिखाता है, इससे डरना नहीं लड़ना है वह जीत का ताज हासिल करना है।

**खुद पर हो विश्वास अगर तो**
**तूफानों को रुकना होगा**
**धैर्य, त्याग, हिम्मत के बल पर**
**इतिहास बदलना होगा।**

इन्ही अग्रिम शुभकामनाओं के साथ जीत हासिल कर अपना और अपनों का सपना साकार करो। ममता जाट, श्रीमाधोपुर, सीकर, राजस्थान (कवयित्री व स्तम्भकार)

# 108 कुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ के लिए हुआ भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** भवानी निकेतन परिसर सीकर रोड में शुक्रवार को 21 फरवरी से 01 मार्च तक आयोजित होने वाले नौ दिवसीय 108 कुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ के लिए संत-महात्माओं और गणमान्य लोगों की उपस्थिति में भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण किया गया। यह आयोजन ढेहर के बालाजी स्थित सियारामदास बाबा की बगीची के महंत हरिशंकरदास वेदांती महाराज के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर ब्रह्म पीठाधीश्वर खोजी द्वाराचार्य श्रीराम रतन दास महाराज डाकोर धाम त्रिवेणी धाम, महामंडलेश्वर हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य महाराज, महामंडलेश्वर श्री राम सेवक दास महाराज पापड़ के हनुमान जी, लहाराम द्वाराचार्य, जगतगुरु श्री पीपा पीठाधीश्वर हरिदास महाराज अरनिया धाम, धन्ना पीठाधीश्वर श्री बजरंग देवाचार्य महाराज तमाडिया धाम एवं अन्य कई जगह से पधारे हुए महामंडलेश्वर एवं बनारस अयोध्या काशी से पधारे हुए समस्त संत-महंत उपस्थित रहे। महायज्ञ के बारे में हरिशंकरदास वेदांती महाराज ने बताया कि अनंत विभूषित श्रीजगतगुरु रामानंदाचार्य महाराज की 725वीं पूर्ति प्राकट्य उत्सव के साथ ही राष्ट्रोत्थान, विश्व कल्याण, गो संवर्द्धन, समृद्ध राजस्थान, भारतीय संस्कृति के संरक्षणार्थ एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए पुनीत भावना को ध्यान में रखकर 21 फरवरी से 1 मार्च तक 108 कुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ का आयोजन भवानी निकेतन शिक्षा समिति परिसर गेट नंबर 6.7 पर संपन्न होने जा रहा है। वेदांती महाराज ने इस पावन अवसर पर अपने उद्बोधन में कहां कि यज्ञ ही समस्त सृष्टि के उत्पत्ति स्थिति और प्रलय का मूल कारण है। जिस प्रकार शिशु मात्र गर्भ में अपायनी नामक नाड़ी से रसग्रहण करता है और पोषित होता है। उसी प्रकार यज्ञ के द्वारा ही समस्त जीवों का पोषण होता है। यक्ष मानव जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारतीय सनातन संस्कृति में जितने संस्कारों का उल्लेख है उन समस्त संस्कारों में यज्ञ की विशिष्ट भूमिका है। बिना यज्ञ के कोई भी संस्कार संभव नहीं है।

समस्त कामनाओं को पूर्ण करने के लिए यज्ञ साक्षात कल्पवृक्ष माना गया है। आयोजन से जुड़े समाजसेवी चंद्र महेश झालानी ने बताया कि वेदांती महाराज के द्वारा आयोजन और इस महायज्ञ का प्रयोजन धर्म स्थापना, सनातन संस्कृति का संरक्षण, गोवंश का संवर्धन, जीव मात्र का कल्याण, सनातन धर्म के प्रति सनातनियों में ही नहीं अपितु मानव मात्र के हृदय में श्रद्धाभाव एवं अनुराग जागृत हो, हिंदू संस्कृति की रक्षा हो। श्री राम महायज्ञ का उद्देश्य यज्ञ के द्वारा प्राणी मात्र का कल्याण और वातावरण शुद्ध हो और भारतीयों के लिए यह मंगलकारी हो। इस महायज्ञ में देशभर से साधु-संतों, महात्माओं का भक्तों को सान्निध्य प्राप्त होगा। महायज्ञ में विद्वानों के प्रवचन, भजन सहित अन्य आयोजन भी होंगे। इस महायज्ञ में विद्वानों के सानिध्य में रोजाना भक्तों की ओर से महामंत्रों की ध्वनियों के बीच लाखों आहुतियां दी जाएगी। श्री राम महायज्ञ के अंतर्गत 21 फरवरी को दोपहर 2:00 बजे से कलश यात्रा का आयोजन किया गया है। यह कलश यात्रा सन एंड मून टावर रिद्धि सिद्धि टावर रोड नंबर 1 से चलकर कलश यात्रा भवानी निकेतन के गेट नंबर 6 से यज्ञ स्थल में प्रवेश करेगी। इसमें होने वाले कार्यक्रमों में 22 फरवरी से 25 फरवरी तक गिरिराजजी उत्तर प्रदेश के महंत भक्तमाल कथा सुनाएंगे एवं 26 एवं 27 फरवरी को श्रीमद् जगतगुरु अग्र मलूक द्वारा आचार्य राजेंद्र दास महाराज द्वारा सत्संग किया जाएगा एवं 28 तारीख को 1008 सुंदरकांड पाठ एवं 11000 हनुमान चालीसा के पाठ श्रीरामजी महाराज के विकास स्वात में संपन्न होगा, इसमें जयपुर के सभी मंडलों द्वारा यह आयोजन किया जाएगा। आयोजन के विश्राम पर 1 मार्च को संत सम्मेलन एवं भंडारा प्रसादी होगी।




# संघ के शताब्दी वर्ष पर कल डेढ़ दर्जन बस्तियों में विराट हिन्दू सम्मेलन



**जयपुर (नवयत्न)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को राजधानी जयपुर की करीब डेढ़ दर्जन बस्तियों में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन से पूर्व शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों में कलश यात्रा, भगवा वाहन रैली, प्रभातफेरी और जनसंपर्क यात्राएं निकाली जाएंगी। मानसरोवर स्थित प्रताप बस्ती में 8 फरवरी को भारत माता पार्क में हिन्दू सम्मेलन होगा। इससे पूर्व शनिवार को गायत्री मंदिर से मातृशक्ति की कलश यात्रा निकाली जाएगी। सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामूहिक पाठ तथा हनुमान चालीसा और गायत्री मंत्र के वरिष्ठ साधक गिरधर गोपाल आसोपा का संगीतमय उद्बोधन होगा। ढेहर का बालाजी की परशुराम बस्ती में 8 फरवरी को परसराम नगर स्कीम-3 में सम्मेलन आयोजित होगा। शुक्रवार को प्रभातफेरी निकाली गई, जबकि शनिवार को भगवा रैली होगी। रविवार को कलश यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बौद्धिक सत्र और संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ होंगे। बजरंग द्वार बस्ती में 8 फरवरी को जीनियस स्कूल के पास विराट हिन्दू सम्मेलन होगा। इससे पूर्व 7 फरवरी को भगवा वाहन रैली निकाली जाएगी। सम्मेलन में यज्ञ, हनुमान चालीसा पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतिभा सम्मान और भोजन प्रसादी का आयोजन होगा। जुगल हनुमान पीठाधीश्वर विष्णुदास नागा महाराज सहित संतों का सान्निध्य रहेगा। मानसरोवर बस्ती, गणेश कॉलोनी, बोहरा का बास, न्यू कॉलोनी, नृसिंह नगर व हरिदास नगर के संयुक्त तत्वावधान में झोटवाड़ा स्थित रुकमा मैरिज गार्डन में सम्मेलन होगा। राधा गोविंद मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी।

वहीं प्रताप नगर सेक्टर-26 स्थित कैर के बालाजी मंदिर क्षेत्र में गलता पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। बैनाड़ रोड स्थित निर्मल विहार बस्ती और ब्रह्मपुरी के पौण्ड्रिक पार्क में भी विराट हिन्दू सम्मेलन होंगे। ब्रह्मपुरी में 501 महिलाओं की भव्य कलश यात्रा आकर्षण का केंद्र रहेगी। सभी सम्मेलनों में सनातन संस्कृति, हिन्दू एकता, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बौद्धिक सत्र, हनुमान चालीसा पाठ, प्रतिभा सम्मान एवं भोजन प्रसादी के आयोजन होंगे।

## शहर के विभिन्न मन्दिरों में आयोजित होंगे प्रेमभाया सरकार के फागोत्सव

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** श्री प्रेमभाया मंडल समिति द्वारा शहर के विभिन्न मंदिरों में प्रेमभाया सरकार के फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। समिति के संरक्षक विजय किशोर शर्मा ने बताया कि फागोत्सव का शुभारंभ शनिवार, 7 फरवरी को युगल कुटीर, जयलाल मुंशी का रास्ताए चांदपोल बाजार में किया जाएगा। इस अवसर पर श्री प्रेमभाया सरकार का ऋतु पुष्पों से भव्य श्रृंगार किया जाएगा तथा ठाकुर जी को गुलाल अर्पित की जाएगी। समिति के अध्यक्ष दुर्गा चौधरी ने बताया कि फागोत्सव के क्रम में विभिन्न मंदिरों में आयोजन किए जाएंगे। जिसमें 8 फरवरी, रविवार को मंदिर श्री प्रेमभाया सरकार, हरियुगल विहार, चंदलाई रोड, टोंक रोड, 15 फरवरी, रविवार को शिव मंदिर, शिव मार्ग, ढूंढलोद हाउस, सोडाला, 22 फरवरी, रविवार को मातेश्वरी मंदिर, स्वर्ण पथ, मानसरोवर व 1 मार्च कृ मंदिर श्री रामचन्द्रजी, चांदपोल बाजार में फागोत्सव का विशेष आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही युगल कुटीर, जयलाल मुंशी का रास्ता चांदपोल बाजार में 14 फरवरी, 21 फरवरी एवं 28 फरवरी को सायं साढ़े 7 बजे से रात्रि साढ़े 10 बजे तक फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

## जयपुर में होगा हर माह एक उपवास का द्वितीय सामूहिक आयोजन

**जयपुर (नवयत्न)।** अंतर्मना धार्मिक एवं पारमार्थिक न्यास तथा पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को जयपुर के एंटरटेनमेंट पैराडाइज सेंट्रल लॉन में हर माह एक उपवास कार्यक्रम का द्वितीय सामूहिक उपवास एवं प्रासंगिक कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। आयोजन अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज ससंघ एवं योग ऋषि बाबा रामदेव की प्रेरणा से होगा। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल हरिभाऊ किसनभाव बागडे करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, साधक, समाजसेवी एवं साहित्यकार भाग लेंगे। फास्टिंग फाउंडेशन जयपुर चैप्टर के अध्यक्ष राजीव जैन गाजियाबाद एवं सचिव आलोक जैन ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रीय कवि कविता तिवारी, विनीत चौहान, मनवीर मधुर, राव अजात शत्रु और तरुण जैन अपनी रचनाओं के माध्यम से उपवास, योग और साधना के महत्व पर विचार रखेंगे। सुप्रसिद्ध गीतकार स्व. रविंद्र जैन के कंठ विग्रह नीलम सिंह यादव विशेष प्रस्तुति देंगी।

# नींदड़ आंदोलन ने पकड़ा उग्र रूप
## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का पुतला फुंका

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** नींदड़ गांव में जेडीए और राज्य सरकार की कथित जबरन भूमि अधिग्रहण नीति के विरोध में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को 442वें दिन भी जारी रहा। सुबह-सुबह गांव की एक ढाणी में किसानों और महिलाओं ने स्थानीय विधायक एवं राजस्थान सरकार की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का पुतला फुंका और सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। नींदड़ के किसान और कॉलोनीवासी पिछले 442 दिनों से खुले आसमान के नीचे धरना देकर भूमि अधिग्रहण का विरोध कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि सरकार उनकी जमीन छीनकर उनके भविष्य से खिलवाड़ कर रही है, लेकिन उनकी आवाज सुनने को कोई तैयार नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि 30 जनवरी 2026 को शहीद दिवस के अवसर पर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध स्वरूप पुतला दहन किया जा रहा था, तभी प्रशासनिक दबाव में काम कर रही पुलिस ने पुतला जलाने से रोकते हुए किसानों और महिलाओं के साथ बदसलूकी की तथा पुतले को जबरन उठाकर ले गई। इस घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। आक्रोश का आलम यह है कि अब नींदड़ गांव की हर ढाणी और कई घरों में प्रतीकात्मक रूप से पुतले जलाए जा रहे हैं और स्वतःस्फुर्त विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी किसानों से सीधी बातचीत कर समाधान नहीं निकालतीं, तो यह आंदोलन जयपुर जिले से निकलकर पूरे राजस्थान में फैल सकता है। किसानों का कहना है कि अब यह सिर्फ जमीन का नहीं, बल्कि सम्मान और अस्तित्व की लड़ाई बन चुकी है। सरकार की चुप्पी और पुलिसिया कार्रवाई से आंदोलन और तेज हुआ है। यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो जनआक्रोश का दायरा लगातार बढ़ेगा।

# सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो डालना पड़ा भारी

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** सोशल मीडिया पर रसूख दिखाने के लिए अवैध हथियारों के साथ फोटो अपलोड करने वाले युवाओं के खिलाफ जयपुर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन आग के तहत कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देशी कट्टा बरामद किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि शहर में अवैध हथियारों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस की साइबर टीम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर ऐसे लोगों की निगरानी कर रही थी। जिन्होंने हथियारों के साथ अपनी फोटो पोस्ट की थी। निगरानी के दौरान एक युवक का फोटो देशी कट्टे के साथ मिला। जिसे पुलिस ने तुरंत चिन्हित किया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार गुप्ता और एसीपी झोटवाड़ा आलोक सैनी के सुपरविजन में थानाधिकारी वीरेन्द्र कुरील के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रोड नंबर 9 स्थित सेंट्रल कॉलोनी में शनि देव मंदिर के सामने घेराबंदी की। वहां मौजूद संदिग्ध राजकुमार उर्फ गुड्डू 22 की तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। पुलिस द्वारा हथियार का लाइसेंस मांगने पर वह कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। गिरफ्तार आरोपी राजकुमार उर्फगुड्डू मूलतः अनाह गेट भरतपुर का रहने वाला है और वर्तमान में मुरलीपुरा के सीकर रोड स्थित रोड नंबर 8 पर किराए से रह रहा था। अब पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी यह हथियार कहां से लेकर आया था और उसका उद्देश्य क्या था। इस सफल कार्रवाई में थानाधिकारी वीरेन्द्र कुरील के साथ हेड कांस्टेबल बाबूलाल, कांस्टेबल लोकेश, कान सिंह और महेश की विशेष भूमिका रही।



# पेयजल संकट गहराया : 754 नलकूपों के कनेक्शन कटने का खतरा

## विधायक मोदी ने सदन में उठाया मुद्दा

निसं

**नीमकाथाना (नवयत्न)।** राजस्थान विधानसभा में प्रक्रिया के नियम 50 के अंतर्गत स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी ने विधानसभा क्षेत्र नीमकाथाना की एक अत्यंत गंभीर व तात्कालिक समस्या को सदन के समक्ष रखा। विधायक मोदी ने बताया कि क्षेत्र में आमजन को पेयजल उपलब्ध करवाने हेतु विभिन्न ग्राम पंचायतों में 754 नलकूप संचालित हैं, जिन पर बिजली विभाग का 262.33 लाख रुपये का बकाया चल रहा है। विधायक ने कहा कि वर्तमान में ग्राम पंचायतों की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है और उनके पास इतनी बड़ी राशि जमा कराने के लिए कोई संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। इसके बावजूद बिजली विभाग द्वारा नलकूपों के कनेक्शन काटने की चेतावनी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि 31 मार्च को वित्तीय वर्ष की समाप्ति के चलते बिजली विभाग वसूली को लेकर दबाव बना रहा है और कनेक्शन काटने पर आमादा है। विधायक सुरेश मोदी ने चेताया कि यदि नलकूपों के कनेक्शन काटे गए तो पूरे नीमकाथाना क्षेत्र में भीषण पेयजल संकट उत्पन्न हो जाएगा। घरों तक पानी नहीं पहुंचेगा, पशुओं के लिए भी पीने के पानी की भारी समस्या खड़ी हो जाएगी। इससे जनस्वास्थ्य, स्वच्छता और ग्रामीण जीवन पर गंभीर असर पड़ेगा। विशेषकर महिलाएं और बुजुर्ग पानी के लिए भटकने को मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि पिछली सरकार के कार्यकाल में भी ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई थी, तब सरकार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए ग्राम पंचायतों में लगे ट्यूबवेलों की सम्पूर्ण बकाया राशि जमा करवा कर राहत प्रदान की थी।

**कार्यालय नगरपालिका दांता, सीकर (राज.)**

क्रमांक : स्टोर/2025-26/2367 दिनांक : 03.02.2026

**NIB- 2025-26**

नगरपालिका दांता द्वारा इलेक्ट्रिकल कार्यो के लिए समुचित श्रेणी में पंजीकृत सवेदको से दिनाक 13/2/2026 को शाम 6 बजे तक ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जा सकती है। जो की वैबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in व् https://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है। (कुल कार्य – 1)

UBN – DLB2526WSOB33142

प्रशासक, नगरपालिका दांता — अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका दांता

राज.संवाद/सी/25/19297

**कार्यालय नगरपालिका नीमकाथाना राज0**

क्रमांकःन0पा0नीम0/2025-26/4809 दिनांकः 04.02.2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण पंजीकृत फर्म/ठेकेदारो को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका द्वारा वर्ष 2025-26 में आवश्यक सेवायें ली जाने/आवश्यक सामान कय किये जाने की दर संविदा किये जाने हेतु निविदा फार्म निविदा प्रकाशन से कार्य के सामने अंकित विकय तिथि को दोपहर 12.00 बजे तक विकय की जावेंगी एवं कार्य के सामने अंकित प्राप्ति तिथि को दोपहर 03.00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में प्रस्तुत करने होगें तथा संभव हुआ तो प्राप्त सीलबन्द निविदाऐं उसी दिवस को दोपहर बाद 04.00 बजे से उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेंगी। उक्त तिथी को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को निविदा प्रति विकय/प्राप्त/खोली जावेगी। उक्त निविदा सूचना http://sppp.raj.nic.in पोर्टल पर दिनांक 04.02.2026 से देखी जा सकती है। उक्त कार्य की NIB code DLB2526B1188 यूबीएन DLB2526WSOB33093 व DLB2526WSOB33094 हैं।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका नीमकाथाना

राज.संवाद/सी/25/19290

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता,**
**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड सीकर**

(दूरभाष संख्या 01572-294311, ई-मेल eephedskr@gmail.com)

क्रमांकः एफ1 ( )/क्रय/2025-26/8575 दिनांकः 28-1-2026

**निविदा सूचना**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित सामान की आपूर्ति हेतु एस.एस.आई. यूनिट/अधिकृत विक्रेता से मोहरबन्द निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं जो दिनांक 12.02.2026 को दोपहर 12:30 बजे तक बेची जाकर दिनांक 12-02-2026 को दोपहर 2:00 बजे तक प्राप्त की जाकर उसी दिन दोपहर 2:30 बजे उपस्थित निविदादाता अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है:-

| S.N. | NIT No. | Particulars | Cost (in lacs) | Earnest Money (in Rs.) | Tender Cost (in Rs.) | Completion peried | NIB/UBN No |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 82/2025-26 | Supply of various HP starter | 1.50 | 3000 | 200.00 | 15 Days | NIB PHE2526A5757<br>UBN PHE2526GSOB12077 |

(राम कुमार चाहिल)
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड सीकर

DIPR/C/2027/2026

# राठौड़ ने किया 22.76 करोड़ की ड्रेनेज परियोजना का शिलान्यास

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय भोजलाई बास स्थित भूतनाथ मंदिर परिसर में 22.76 करोड़ की ड्रेनेज योजना का शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया। नगरपरिषद की नेता प्रतिपक्षय जयश्री दाधीच द्वारा संघर्ष से सफलता और विकास उत्सव का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। लेकिन वर्तमान में भाजपा पार्टी के पास नगरपरिषद में 25 पार्षद हैं, जिसमें 19 भाजपा के चुनाव चिन्ह पर निर्वाचित हैं, लेकिन इस कार्यक्रम में मात्र 8 पार्षद शामिल हुए, जो भाजपा की आपसी फुट को साबित करने के लिए पर्याप्त है। भ्रष्टाचार की राशि नाक से निकलवायेंगे: उपस्थित सैंकड़ों लोगों को सम्बोधित करते हुए राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस की नगर परिषद ने पिछले पांच सालों में जबरदस्त भ्रष्टाचार किया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार का एक एक पैसा नाक से निकलवा लेंगे। राठौड़ ने एमपीए विधायक, सभापति चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि जनता ने काठ की हांडी को कई बार चढ़ा दिया। उन्होंने कांग्रेस शासन को चोरों का शासन बताते हुए कहा कि अब सब कुछ बदलना होगा। कार्यक्रम में राठौड़ ने कहा कि आप लोग साथ दीजिये हम लोग सुजानगढ़ में भाजपा का सभापति बनायेंगे। पद्श्री देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि हमारे चूरू जिले में काफी विकास कार्य बाकी हैं, लेकिन हमारे सांसद राहुल कस्वां, तो हरियाणा में पैसे खर्च कर रहे हैं। ऐसे सांसद से जनहित की क्या उम्मीद की जा सकती है। कार्यक्रम में झंवर स्कूल की बालिकाओं ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रस्तुति दीए जिस पर राजेंद्र राठौड़ ने 11 हजार की पुरस्कार राशि चन्द्राराम गुरी की ओर से दिलवाई। कार्यक्रम में एससी वित्त आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र नायक, चूरू विधायक हरलाल सहारण, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, चंद्राराम गुरी, खेमाराम मेघवाल, सन्तोष मेघवाल, बसन्त शर्मा, विनय माटोलिया ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर मनभरी देवी, प्रहलाद जाखड़, महावीर सिंह, रामनिवास, प्रभुसिंह, जिला परिषद सदस्य नौरंग सिलू आदि मंचस्थ रहे। कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, लोकसभा का चुनाव लड़ चुके पद्मश्री देवेंद्र झाझड़िया का ठेकेदार यूनियन के लोगों द्वारा करीब 51 किलो की फुलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच, उप नेता रिछपाल बिजारणिया, पार्षद दीनदयाल पारीक, रामनिवास बुगालिया, पंकज घासोलिया, ममता ओझा, धन्नीदेवी, पुरूषोतम शर्मा ने घोटा प्रदान कर राजेंद्र सिंह राठौड़ का अभिनंदन किया। दूसरी ओर ओमप्रकाश गोदारा की ओर से राजेंद्र सिंह राठौड़ को जेली भेंट की गई। युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी व अन्य कार्यकर्ताओं, वकीलों की ओर बार संघ सचिव बनवारीलाल बिजारणिया आदि ने स्वागत किया गया। वहीं वाल्मिकी समाज की ओर से हरीप्रसाद ढ़ेनवाल, मुनालाल ढ़ेनवाल, प्रदेश सियोता, गंगाधर लाखन, हरीशंकर, निखिल, राजेश आदि ने बाबा साहेब का चि प्रदान कर राठौड़ का स्वागत किया। वहीं मोहल्लेवासी बाबूलाल जांगिड़, भागीरथ प्रजापत, गोपाल कुदाल, पवन कुदाल, शिव भगवान चौहान, मनोज चौहान, नवरतन पुरोहित, नीनू बागड़ा, सोहन प्रजापत, हीरालाल बागडा, चुनीलाल जांगीड, संतोष पारीक, भीकमचंद जोशी, सुरेंद्र प्रजापत, भरत सामरिया, संतोष जांगिड़, यशोदा प्रजापत आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया।



### भाजपा नेताओं, पार्षदों ने कार्यक्रम से बनाई दूरी

पिछले चुनावों में भाजपा के 19 पार्षद जीतकर आए थे। उसके बाद जोड़ तोड़कर के कुल 25 पार्षद भाजपा के पास हैं, कुछ कांग्रेस से भाजपा में आए हुए हैं। लेकिन प्रतिपक्ष के इस कार्यक्रम में भाजपा के पार्षदों ने रूचि नहीं दिखाई और गैर हाजिर होकर अपना विरोध जता दिया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्षर सहित कुल 8 पार्षद आये। क्योंकि हाल ही में 10 से ज्यादा पार्षद नगरपरिषद के सामने विकास कार्यों की मांग को लेकर धरने पर बैठे थे। इस धरने पर नेता प्रतिपक्ष ने शिरकत नहीं की। जिसके कारण भाजपा के अधिकांश पार्षद इस कार्यक्रम से गायब रहे।

### हम फुट पर काम करेंगे : राजेंद्र राठौड

मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि इस फुट पर हम काम कर रहे हैं और नए सिरे से पार्टी को मजबूत बनाने का काम किया जायेगा और मजबूती से निकाल चुनाव लड़ेंगे। आधा अधूरा जवाब देकर उन्होंने मीडिया से दूरी बना ली। दूसरी ओर भाजपा के कार्यकाल में वाइस चैयरमेन रहे गणेश मंडावरिया का नाम शिलापट्ट पर नहीं था। जबकि कांग्रेस के कार्यकाल में उप सभापति रहे बाबूलाल कुलदीप का नाम शिलापट्ट पर होना चर्चा का विषय बन गया। जबकि वर्तमान सभापति का नाम बोर्ड पर नजर नहीं आया।

## भामू अध्यक्ष व खीचड़ बने मंत्री



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय किसान सभा की तहसील कमेटी की बैठक आयोजित की गई । बैठक में जिला पर्यवेक्षक जिला सचिव उमराव सारण एवं जिला संयुक्त सचिव रामनारायण रुलाणिया की मौजूदगी में सर्वसहमति से तहसील कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। जिला उपाध्यक्ष पद पर वर्तमान अध्यक्ष मदनलाल जाखड़ तथा जिला कार्यकारिणी में वर्तमान सचिव बिरजुराम के निर्वाचन से तहसील अध्यक्ष व सचिव पद रिक्त हो गए थे। इन रिक्त पदों पर आम सहमति से भादर भामू को तहसील अध्यक्ष एवं गोपीचंद खीचड़ को तहसील सचिव निर्वाचित किया गया। साथ ही संरक्षण मंडल में मदनलाल जाखड़ एवं खींवाराम ख्यालिया को शामिल किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष मदनलाल जाखड़, तहसील अध्यक्ष भादर भामू एवं सचिव गोपीचंद खीचड़ ने कहा कि किसान लंबे समय से गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। वर्ष 2017 से फसल बीमा क्लेम बिना कटौती के जारी करने, रेंडम प्रणाली से क्रॉप कटिंग करने, मनरेगा को पुन: बहाल करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी को कानूनी गारंटी देनेए तथा बिजली-पानी की समस्याओं के स्थायी समाधान की मांग को लेकर किसान आंदोलनरत हैं। इन्हीं मांगों को लेकर 25 फरवरी को महापंचायत आयोजित की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में किसान भाग लेंगे। बैठक में रणजीत खोथ, मनीष जाखड़, ओमप्रकाश तालनिया, लेखराज बलारा, रामकिसन भामू, विजयपाल कड़वासरा, संजय कड़वासरा, गिरधारी घिंटाला, हनुमान मुहाल, मांगीलाल सहू, नानूराम बीरड़ा, महेन्द्र मेघवाल, लेखराम सहू, रामदान चारण, गोरख सिंह राजपूत, मोहन जांगु, हड़मान सीलू, मनफुल भामू, मनोजी चारण, हेम खोत, रणजीत सेला, कालूराम नाई, छगन कालेर, जगदीश कूड़ी, राजू कालेर, लाल बिजारणियां, रामूनाथ सिद्ध, भागीरथ सिंह राठौड़ सहित अनेकों किसान नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## ज्ञापन : खेजड़ी कटाई पर रोकथाम व सख्त कानून की मांग



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राज्य के पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता को बचाने की दिशा में खेजड़ी के वृक्ष की कटाई पर पूर्ण रोक लगाने तथा इसके लिए सख्त कानून बनाने की मांग को लेकर श्रीमाधोपुर एसडीएम कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन पर्यावरण प्रेमी बजरंग सिंह एवं राजाराम सामोता के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि खेजड़ी का वृक्ष राजस्थान की सांस्कृतिक, धार्मिक और पर्यावरणीय विरासत का अहम हिस्सा है, जो मरुस्थलीय क्षेत्र में जीवनदायिनी भूमिका निभाता है। इसके बावजूद अवैध कटाई के कारण खेजड़ी के वृक्ष तेजी से समाप्त हो रहे हैं, जो पर्यावरण संतुलन के लिए गंभीर खतरा है। पर्यावरण प्रेमियों ने मांग की कि खेजड़ी के वृक्ष की कटाई पर सख्त रोक लगाई जाए, इसके संरक्षण के लिए विशेष कानून बनाया जाए तथा खेजड़ी संरक्षण समिति का गठन किया जाए। इसके साथ ही नवीन वृक्षारोपण कार्यक्रमों में खेजड़ी को प्राथमिकता दी जाए, जिससे भविष्य में हरित आवरण को मजबूत किया जा सके। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि खेजड़ी के वृक्षों की अवैध कटाई करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण को लेकर जनजागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। सायरमल, हवा सिंहए राकेश सैनी, महिपाल, कुलदीप, सतीश व अन्य गणमान्य उपस्थित रहें।

## भामाशाह सहारण ने विद्यार्थियों को बैग व नकद राशि देकर किया पुरस्कृत



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पण्डरेऊ ताल में बैग व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में भामाशाह पार्षद कृष्ण सहारण ने विद्यालय के कक्षा 1 से 12 के समस्त विद्यार्थियों को स्कूल बैग व गणतंत्र दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाल विद्यार्थियों को नकद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य सरोज ने भामाशाह सहारण का आभार व्यक्त किया। विद्यालय स्टॉफने भामाशाह का साफा पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर मोहनलाल, रावताराम, रूपराम पचार सहित अनेक ग्रामीण, विद्यार्थी तथा विद्यालय स्टॉफसदस्य उपस्थित थे।

## कचरा प्रबंधन को तकनीकी मजबूती : सौ टन क्षमता का मॉडर्न ट्रांसफर स्टेशन तैयार

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को तकनीकी रूप से और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में नगर निगम जयपुर ने बड़ा कदम उठाया है। दिल्ली रोड स्थित मीणा पेट्रोल पंप के पास स्थापित किया गया मॉडर्न मैकेनाइज्ड ट्रांसफर स्टेशन बनकर तैयार हो गया है। फिलहाल इसका फाइनल ट्रायल चल रहा है और शीघ्र ही इसे आमजन के लिए संचालन में लाया जाएगा। इसके शुरू होने से कचरा प्रबंधन व्यवस्था पूरी तरह मशीन-टू-मशीन हो जाएगी। जिससे लोगों को गंदगी, बदबू और प्रदूषण से राहत मिलेगी। नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि यह आधुनिक ट्रांसफर स्टेशन प्रतिदिन 100 टन कचरे के निस्तारण की क्षमता रखता है। स्टेशन पर 2 स्टैटिक कॉम्पेक्टर मशीन, 3 हुक लोडर और 6 कंटेनर स्थापित किए गए हैं। निगम के विभिन्न वार्डों से ऑटो हॉपर के जरिए आने वाले कचरे को पहले बिन-कार्ट में डाला जाएगा, जहां से हाइड्रोलिक स्टैटिक कॉम्पेक्टर द्वारा कचरे को दबाकर कंटेनरों में भरा जाएगा। इसके बाद हुक लोडर की सहायता से कंटेनरों को सीधे कचरा प्रोसेसिंग प्लांट तक पहुंचाया जाएगा। डॉ. सैनी ने बताया कि इस मशीन-टू-मशीन ट्रांसफर सिस्टम के कारण कचरा जमीन पर नहीं गिरेगा, जिससे आसपास के क्षेत्रों में गंदगी, दुर्गंध और पर्यावरण प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी आएगी। खुले में कचरा फैलने से होने वाले जन-स्वास्थ्य जोखिम भी कम होंगे। उन्होंने बताया कि बजट घोषणा के अनुरूप नगर निगम द्वारा एक सुपर सकर मशीन एवं दो डंप ट्रक का संचालन भी प्रारंभ कर दिया गया है।

सुपर सकर मशीन के माध्यम से सीवर लाइनों में जमा सिल्ट और गंदगी को हाई प्रेशर सेक्शन से निकाला जाता है और डंप ट्रक में परिवहन किया जाता है। इस मशीन का उपयोग शहर के उन क्षेत्रों में किया जाएगा, जहां सीवर लाइन चोकिंग की शिकायतें बार-बार सामने आती हैं, ताकि सीवर की गहन सफाई कर समस्या का दीर्घकालीन समाधान किया जा सके। नगर निगम आयुक्त ने कहा कि मॉडर्न ट्रांसफर स्टेशन के शुरू होने से जयपुर की स्वच्छता व्यवस्था और अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल बनेगी। निगम का लक्ष्य कचरा प्रबंधन को पूरी तरह वैज्ञानिक और तकनीक आधारित बनाना है।

## आधुनिक बस स्टैंड का हुआ लोकार्पण



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** नगरपालिका क्षेत्र में नवनिर्मित आधुनिक बस स्टैंड का शुक्रवार को विधिवत लोकार्पण किया गया। यह बस स्टैंड स्थानीय नागरिकों और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगा। लोकार्पण समारोह में सांसद बृजेंद्र सिंह ओला, विधायक पितराम सिंह काला, नगरपालिका चेयरमैन सुमित्रा सैनी और पालिका उपाध्यक्ष अभय सिंह बडेसरा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और शिलापट्ट का अनावरण कर बस स्टैंड का उद्घाटन किया। सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने कहा कि यह बस स्टैंड क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। चिड़ावा की जनता लंबे समय से एक सुव्यवस्थित बस स्टैंड की मांग कर रही थी, जो अब साकार हुई है। ओला ने जोर दिया कि इसका लक्ष्य केवल ढांचा खड़ा करना नहीं बल्कि यात्रियों को सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने यह भी कहा कि यह शहर की कनेक्टिविटी सुधारने के साथ-साथ स्थानीय व्यापार को भी गति देगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय उन्होंने परिवहन मंत्री रहते हुए यहां निर्माण स्वीकृति दी थी। नगरपालिका चेयरमैन सुमित्रा सैनी ने कहा कि नगरपालिका मंडल ने इस परियोजना को प्राथमिकता के साथ पूरा किया है। उन्होंने कहा कि यात्रियों को आधुनिक प्रतीक्षालय, स्वच्छ पेयजल और सुरक्षित रैन बसेरा जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं मिलेंगी। यह चिड़ावा के सौंदर्यकरण और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नए बस स्टैंड परिसर को यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसमें विशाल और आरामदायक वेटिंग हॉल, रात में रुकने वाले यात्रियों के लिए सुरक्षित विश्राम गृह, छायादार बैठने की व्यवस्था, व्यवस्थित पार्किंग और आधुनिक शौचालय जैसी सुविधाएं शामिल हैं। समारोह में पूर्व प्रधान निहाल सिंह रणवा, पूर्व प्रधान शेर सिंह नेहरा, समाजसेवी शीशराम हलवाई, शीशराम सैनी बिल्लू, वरिष्ठ पार्षद योगेंद्र कटेवा, एडवोकेट विनोद डांगी, कांग्रेस नगर अध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा, पूर्व सरपंच धर्मपाल पायल, पार्षद निखिल चौधरी, सतपाल जांगिड़, रमाकांत, राकेश नायक, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश पूनिया, विनोद, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय सैनी, सीताराम खोजी और दयाराम ओजटू सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## श्रीराम महायज्ञ एवं रामकथा में भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अजीतगढ़ पंचायत समिति के हाथीदेह स्थित आत्माराम संत आश्रम में 9 दिवसीय 51 कुण्डात्मक श्रीराम महायज्ञ के गुरुवार चौथे दिन तक सवा सात लाख आहुतियां अर्पित हो चुकी हैं। शुक्रवार पांचवें दिन महायज्ञ के दौरान आसपास के गांव-ढ़ाणियों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मंदिर दर्शन व यज्ञ मंडप की परिक्रमा करके अखंड खुशहाली की कामना करने पंहुचे। शुक्रवार को 9-10 हजार श्रद्धालुओं ने पंगत-प्रसादी ग्रहण की। किसान संघ तहसीलअध्यक्ष मक्खन गुर्जर ने बताया कि महायज्ञ में करीब 107 यज्ञ समिति के सक्रिय कार्यकर्ता सुबह से लेकर देर रात तक महायज्ञ में सेवाएं दे रहे हैं। अलग-अलग टीमों में कार्यकर्ता पेयजल, भण्डारा व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था समेत कई व्यवस्थाएं सम्भाले हुए हैं। बलवीर सिंह, परमेश्वर शर्मा, सुशील टेलर, प्रवीण सोनी, महेंद्र सिंह जोड़ी, सांवर चौधरी, नरेश जांगिड़, पिंटू टेलर, गोपाल सिंह, रणजीत सिंह, आशीष सिंह, महेंद्र सिंह, मुकेश जांगिड़, दिनेश टेलर, मुरारी सांखला, नरेंद्र सिंह, रोहिताश गुर्जर, रामचंद्र जाट, मामराज जाट, नवरत्न सोनी, रवि सोनी, मोहित टेलर, भवानी टेलर, कमलेश टेलर, विक्की सिंह, मनोज स्वामी, हरि स्वामी, ओमकार सिंह, दातार सिंह, कुंदन सिंह, महेंद्र राजा, पिंटू सोनी, राकेश यादव, सीताराम जाट, सुशील मीणा, गिरधारी जांगिड़, गिरधारी जांगिड़, जितेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, रोशन सिंह, धर्मेन्द्र स्वामी, विकास सिंह, चोथूसिंह, दीपेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, विशाल शर्मा, राजेश टेलर, कैलाश नाथ, सीताराम यादव आदि कर्मठ और क्रियाशील कार्यकर्ता हैं जो महायज्ञ के आयोजन को निर्विघ्न सम्पन्न करवाने के सकारात्मक प्रयासों में दिन-रात जुटे हुए हैं। यज्ञाचार्य पण्डित डॉ. कृष्णकांत शास्त्री की टीम के पण्डित वैद्यनाथ शर्मा, पण्डित अजय शर्मा, पण्डित पवन शर्मा, पण्डित सोनू शर्मा, पण्डित उमेश शर्मा, पण्डित विक्रम शर्मा सहित अनेक पण्डित लोग महायज्ञ में हवन, पूजन, आरती, उस्वाहाकार, आहुति वगैरह के कार्य में जुटे रहते हैं। रामकथा वाचक रणवीर भाई अपनी रामकथा के माध्यम से श्रद्धालुओं एवं भक्तगणों के दिलों में गौसेवा, भक्ति, पूजा, पुण्य, धार्मिक आस्था जगाने के पुण्य कर्म में तल्लीन है। भण्डारा कार्यक्रम सम्भाल रहे महेंद्र सिंह शेखावत एवं शिम्भुदयाल यादव ने बताया कि महायज्ञ में रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु पंगत-प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। महायज्ञ में रोजाना 10बोरी बेसन के लड्डू बनाए जा रहे हैं। यज्ञाचार्य पण्डित डॉ. कृष्णकांत शास्त्री के अनुसार महायज्ञ सुबह 11बजे से अपराह्न 3बजे तक चलता है जिसमें यजमान जोड़ों द्वारा पण्डितों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां देने का कार्यक्रम जारी रहता है। गुरुवार को निमोद धाम के संत किशन दास महाराज ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि महायज्ञ में आहुतियां देवताओं को पुष्ट करती हैं, देवता पुष्ट होकर विश्व का कल्याण करते हैं। उन्होंने कहा कि महायज्ञ मंडप में आहुतियों से पर्यावरण शुद्धि होती है वहीं मंडप परिक्रमा से पुण्य की प्राप्ति होती है।

## स्वयंपाठी छात्र द्वारा कॉलेज की फर्जी सूचना प्रसारित करने का गंभीर मामला

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय, तारानगर में पुनम चन्द पुत्र च्यानण मल, निवासी-गाजुवास, स्वयंपाठी छात्र द्वारा फर्जी सूचना प्रसारित करने का गंभीर मामला सामने आया है। महाविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी आधिकारिक सूचना में बताया गया की 02.02.2026 को उक्त छात्र ने वनस्पतिशास्त्र विभाग की प्रायोगिक परीक्षा से संबंधित एक झूठी नोटिस तैयार करए प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष के फर्जी हस्ताक्षर कर उसे व्हाट्सएप के माध्यम से प्रसारित कर दिया। महाविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह सूचना पूरी तरह से फर्जी और भ्रामक है। इस प्रकार के जाली दस्तोवज तैयार करना भारतीय न्याय संहिता की धारा 336 के तहत दंडनीय अपराध है, जिसके अन्तर्गत 07 वर्ष तक की सजा एवं भारी जुर्माने का प्रावधान है। कॉलेज प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि किसी भी विद्यार्थी द्वारा इस प्रकार की गतिविधि में संलिप्तता पाई जाती है तो उसे महाविद्यालय से निष्कासित किया जायेगा तथा भविष्य में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सभी परीक्षाओं से भी वंचित किया जा सकता है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सत्यवती बुडानिया ने बताया कि फर्जी सूचना प्रसारित करने की घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस विभाग को दे दी गई है।

## वार्षिकोत्सव में दिखाई दी व्यक्तित्व निर्माण की झलकियां



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पिपराली सर्किल स्थित प्रिंस लोटस वैली सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल में चल रहे एनुअल फेस्टिवल फेस्टिनो के दूसरे दिन ग्रेड 4 से 6 के विद्यार्थियों का भव्य वार्षिकोत्सव आयोजित हुआ। इस दौरान सैंकड़ों विद्यार्थियों ने सोशल, कल्चरल, हिस्टोरिकल, रिलीजियस व मोटिवेशनल थीम पर आधारित एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दी। विद्यार्थियों ने वर्ल्ड इज वन फैमिली, शिव, स्टेज ऑफलाइफ, फ्रीडम कॉल्स दांडी मार्च, राइज आफ दी फ्री स्पीरिट, छावा, जर्नी ऑफड्रीम्स, इलेक्ट्रो राजस्थानी फ्यूजन, सोशल मीडिया आदि प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्सनैलिटी ग्रुमिंग की शानदार झलकियां दिखायी। कार्यक्रम में प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, ब्रिगेडियर राजकुमार बलवदा, प्रबंध निदेशक मनोज ढाका, प्रिंसिपल प्रोमिला यादव, एकेडमिक हेड राकेश शेखावत एवं शिक्षकों सहित हजारों की संख्या में अभिभावक शामिल हुए।

## गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज के नवनिर्मित भवन का हुआ लोकार्पण

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज का महाराणा प्रताप कॉलोनी, नोखा में नगरपालिका द्वारा दिए गए नवनिर्मित समाज भवन का विधिवत लोकार्पण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समाज भवन का लोकार्पण श्री बालाजी सेवा धाम के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर आचार्य श्री बजरंगदास जी महाराज, पूर्व संसदीय सचिव कन्हैयालाल झंवर एवं नगर पालिका अध्यक्ष नारायण झंवर के कर कमलों से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि गौतम जी की प्रतिमा के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ वेद विद्यालय के विधार्थियो द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर की गई। समारोह को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष नारायण झंवर ने कहा कि नगर पालिका द्वारा समाज के हित में कराए गए विकास कार्यों का लाभ निश्चित रूप से जरूरतमंद लोगों तक पहुंचेगा। उन्होंने भामाशाहों से ऐसे सामाजिक और रचनात्मक कार्यों में आगे आकर योगदान देने का आह्वान किया। झंवर ने यह भी घोषणा की कि भविष्य में यदि विकास मंच का पुन: बोर्ड बनता है तो नगर पालिका की ओर से पचास लाख रुपये का अतिरिक्त फंड उपलब्ध कराया जाएगा। लोकार्पण कार्यक्रम में पधारे महामंडलेश्वर आचार्य श्री बजरंगदास महाराज, अखिल भारतीय शैक्षणिक ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिगोपाल उपाध्याय, परिमंडल अध्यक्ष जगदीश उपाध्याय एवं अखिल भारतीय शैक्षणिक ट्रस्ट प्रदेश अध्यक्ष मानाराम पंचारिया का गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों व समाजजनों द्वारा साफा, माला एवं शोल ओढ़ाकर कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष नारायण झंवर का भी प्रसशी पत्र भेंटकर आयोजन समिति द्वारा स्वागत किया गया। गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज नोखा के अध्यक्ष मोहनलाल पंचारिया ने सभी अतिथियों एवं समाजबंधुओं का कार्यक्रम में उपस्थित होने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह समाज भवन आने वाली पीढ़ियों के लिए सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का सशक्त केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के पश्चात पौधरोपण भी किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190